


# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र





ट्रोल आर्मी को जान्हवी का करारा जवाब -पेजः 8

हार्दिक पांडया ने बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड -पेजः 8



वर्षः 01 | अंकः 33 | गुरुवार- 8 मई 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्यः 4 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय राजधानी में 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों तथा अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी पहले से ही हाई अलर्ट पर है और बुधवार की शाम कई एजेंसियां 'मॉक ड्रिल' करेंगी। उन्होंने कहा, "हमने प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं। दिल्ली पुलिस पूरी तरह सतर्क है और किसी को भी कानून-व्यवस्था भंग करने नहीं दिया जाएगा। महत्वपूर्ण स्थानों और सोशल मीडिया मंचों पर नजर रखी जा रही है।" अधिकारी ने बताया कि नयी दिल्ली, मध्य दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के छावनी क्षेत्र और आईजीआई हवाई अड्डे जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है और वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं।

### मॉक ड्रिलः एनडीएमसी ने कहा, लुटियन दिल्ली में रात आठ से 8.15 बजे तक 'ब्लैकआउट' रहेगा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा 'मॉक ड्रिल' के तहत लुटियंस दिल्ली में रात आठ से 8.15 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने यह घोषणा की गई। एनडीएमसी के एक अधिकारी ने कहा, "सभी निवासियों से अनुरोध है कि कृपया सहयोग करें और स्थिति का सामना करें।" अधिकारी ने बताया कि अस्पताल, डिस्पेंसरी, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), मेट्रो स्टेशन और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान में 'ब्लैकआउट' नहीं होगा।

### न्यायालय ने शिवसेना (उबाठा) को निकाय चुनाव पर ध्यान देने का सुझाव दिया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े से स्थानीय निकाय चुनावों पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया। इससे पहले ठाकरे की पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष द्वारा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़े को धनुष-बाण का चुनाव चिह्न देने के फैसले के खिलाफ अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिवसेना (उबाठा) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा कि समय की कमी के कारण इस मामले पर अदालत की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद ही सुनवाई हो सकेगी। सिब्बल ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने विधायी बहुमत के आधार पर 2023 में एकनाथ शिंदे गुट को धनुष-बाण का चुनाव चिह्न दिया है, जो शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के फैसले के विपरीत है। सिब्बल ने कहा, "शिवसेना के चुनाव चिह्न का इस्तेमाल शिंदे गुट स्थानीय निकाय चुनावों में करेगा और यह खास तौर पर ग्रामीण इलाकों में मायने रखेगा।'

## दिल्लीः 55 स्थानों 'मॉक ड्रिल', लोगों को निकाला

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को 55 स्थानों पर सुरक्षा 'मॉक ड्रिल' (सुरक्षा अभ्यास) की गई और इस दौरान तेज आवाज में बजते सायरन, सुरक्षित स्थानों की ओर भागते लोग, स्ट्रेचर पर घायल लोगों को ले जाये जाने जैसे कुछ दृश्य दिखे।

राष्ट्रव्यापी 'ऑपरेशन अभ्यास' के तहत हवाई हमलों, एक साथ कई स्थानों पर आग लगने की घटनाओं और खोज व बचाव अभियान जैसे विभिन्न परिदृश्यों का किस तरह सामना करना है, इसको दर्शाते हुए 'मॉक ड्रिल' की गईं। कई स्थानों पर पीसीआर वैन और दमकल गाड़ियां तैनात की गईं, जबकि सुरक्षा कर्मियों



और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भारी तैनाती की गई।

खान मार्केट में, सायरन बजाए गए और लोगों को निकासी अभ्यास के तहत भागने के लिए कहा गया।

चांदनी चौक में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, कर्मियों और एनसीसी कैडेट की मौजूदगी में 'मॉक ड्रिल' की गई। टाउन हॉल के पास चांदनी चौक में निकासी अभ्यास शुरू होते ही बाजार क्षेत्र में सायरन बजने लगे, जिससे लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे।

बचाव कार्य शुरू करने का संकेत देते हुए दूसरा सायरन बजाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को घायलों को बचाने जबकि लोगों से शांत रहने और घायलों की मदद करने का अभ्यास कराया गया।

## कांग्रेस ने सशस्त्र बलों के प्रति समर्थन जताया

**नयी दिल्ली (भाषा)** कांग्रेस की कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर भारत द्वारा किए गए मिसाइल हमले को लेकर बुधवार को चर्चा की और सशस्त्र बलों के प्रति समर्थन जताया।

कार्य समिति की बैठक के बाद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाताओं से कहा, भारतीय सशस्त्र बलों पर हम गर्व करते हैं, जिन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर साहसिक और निर्णायक



कार्रवाई करते हुए मुहंतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दिन से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने साफ़ तौर पर सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया था।

खरगे ने कहा कि पाकिस्तान और पीओके से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति बहुत स्पष्ट और अडिग है। उनके अनुसार, महान भारत देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी स्तर पर एकजुटता की सर्वाधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस देश के वीर जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।

# "ऑपरेशन सिंदूर"

## सरजाल में छुपा जैश-ए- मोहम्मद का संचार नेटवर्क नष्ट



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए सटीक हमले का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य सरजाल के तेहरा कलां गांव में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गोपनीय तरीके से संचालित जैश-ए-मोहम्मद का संचार नेटवर्क भी था, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए लंबे समय से चिंता का विषय बना हुआ था। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

इस जगह पर उच्च आवृत्ति (एचएफ) संचार व्यवस्था थी, जो जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के साथ गतिविधियों की साजिश रचने और तालमेल करने में आतंकी संगठन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थी। बुधवार तड़के आतंकवादी ठिकानों पर भारत के हमले के दौरान इस नेटवर्क को भी नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तान के पंजाब राज्य के शकरगढ़ में स्थित सरजाल आतंकी शिविर को इसके संचार ढांचे के कारण महत्वपूर्ण लक्ष्य के रूप में चिन्हित किया गया था, जिसमें उच्च आवृत्ति वाले प्रसारण के लिए डिजाइन किए गए लंबे एंटीना का इस्तेमाल किया जाता था।

सूत्रों ने कहा कि इस संचार ढांचे को निशाना बनाए जाने से जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों की सीमा पार अपने आकाओं के साथ संचार व्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी 'इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस' (आईएसआई), लोरा (लॉन्ग रेंज) अल्ट्रा सेट और डिजिटल मोबाइल रेडियो (डीएमआर) सहित सैन्य स्तर के संचार उपकरणों की आपूर्ति करती रही है, जिससे आतंकवादियों को पारंपरिक दूरसंचार नेटवर्क से बचकर निकलने में मदद मिलती है।

इसके अतिरिक्त, अभियानगत क्षमताओं को बढ़ाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ साथ अपनी दूरसंचार कंपनियों के सिग्नल को मजबूत किया है। इससे घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पाकिस्तानी दूरसंचार अवसंरचना का उपयोग करने की अनुमति मिल जाती है, जिससे उनके लिए भारतीय सुरक्षाबलों द्वारा पकड़े जाने का जोखिम कम हो जाता है।

पाकिस्तानी सेना के लिए चीनी निर्माताओं द्वारा विशिष्ट रूप से तैयार किए गए अल्ट्रा सेट, आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले जीएसएम और सीडीएमए रेडियो फ्रीक्वेंसी बैंड के बाहर काम करते हैं।

प्रत्येक सेट पाकिस्तान स्थित नियंत्रण स्टेशन से जुड़ी रेडियो तरंगों के माध्यम से संचार करता है तथा प्रसारण के लिए चीनी उपग्रहों का उपयोग करता है।

### मारे गए लोगों के लिए न्याय की शुरुआतः आरएसएस

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए न्याय की शुरुआत है। आरएसएस के राष्ट्रीय मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरुआत 'ऑपरेशन सिंदूर'। न्याय हुआ। राष्ट्र समर्थन करता है।" उन्होंने कहा, "जय हिंद। भारत माता की जय।"

### लक्ष्यों को सटीक हमलाः : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत निर्धारित लक्ष्यों को योजना के अनुसार सटीकता के साथ नष्ट कर दिया गया। भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमले के कुछ घंटों बाद सिंह ने यह बात कही।

### 'जय हिंद', 'नारी शक्ति': लोगों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की

सोशल मीडिया पर सुरक्षा बलों की सराहना की और ज्यादातर सोशल मीडिया मंच 'जय हिंद' के नारे से पटे दिखाई दिये। 'एक्स' पर 'ऑपरेशन सिंदूर', 'आतंकवाद', 'कर्नल सोफिया कुरैशी' और 'नारीशक्ति' जैसे हैशटैग तेजी से लोकप्रिय हुए। वहीं 'व्हाट्सएप' पर लोगों की बातचीत में 'मॉक ड्रिल' से लेकर पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकवादी ठिकानों पर भारत के लक्षित हमलों को उजागर करने वाले संदेशों की बाढ़ देखी गयी।

### भारतीय सशस्त्र बल दुस्साहस का जवाब देने को तैयारः सैन्य अधिकारी

विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि इसे पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए किया गया। एक कुशल हेलीकॉप्टर पायलट सिंह ने कहा, "भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में काफी संयम दिखाया है। हालांकि, भारतीय सशस्त्र बल स्थिति को बिगाड़ने वाले किसी भी पाकिस्तानी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।"

### 'सटीक हमला', 'अपेक्षित तरीके से': ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा विशेषज्ञ

रक्षा विशेषज्ञों ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर किए गए मिसाइल हमलों की बुधवार को सराहना करते हुए इसे आतंकी ढांचे के खिलाफ 'सटीक हमला' करार दिया। रक्षा विशेषज्ञों ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह 'अपेक्षित' थी।

## चंद्रमा पर होंगे भारतीय अंतरिक्ष यात्री के पदचिह्न, मंगल और शुक्र भी रडार पर: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में नए विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है और उसके अंतरिक्ष यात्रियों के कदम चांद पर पहुंचेंगे।

वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन के लिए अपने रिकॉर्ड किए गए संदेश में मोदी ने कहा कि देश में अन्वेषण के मिशनों में "मंगल और शुक्र भी हमारे रडार पर हैं"।

उन्होंने मंगलवार को रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में कहा, "भारत की अंतरिक्ष यात्रा का अर्थ दूसरों से प्रतिस्पर्धा करना नहीं है। इसका अर्थ है एक साथ मिलकर ऊंचाइयों को छूना। हम मानवता की भलाई के लिए अंतरिक्ष की खोज करने के वास्ते एकसाथ मिलकर लक्ष्य साझा करते हैं।"

उन्होंने कहा कि भारत ने दक्षिण एशियाई देशों के लिए एक उपग्रह प्रक्षेपित किया है और 'जी-20' देशों की अध्यक्षता के दौरान घोषित 'जी-20 उपग्रह मिशन' 'ग्लोबल साउथ' के लिए एक उपहार होगा।

मोदी ने 2027 की शुरुआत में प्रस्तावित प्रक्षेपण का जिक्र करते हुए कहा, "हमारा पहला मानव अंतरिक्ष-उड़ान मिशन 'गगनयान' हमारे देश की बढ़ती आकांक्षाओं को प्रदर्शित करता है।"

इसी तरह ग्लेक्स-2025 का आयोजन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा किया जा रहा है। मोदी ने कहा, "अंतरिक्ष केवल एक मंजिल नहीं है। यह जिज्ञासा, साहस और सामूहिक प्रगति की घोषणा है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा इसी भावना को प्रदर्शित करती है।"

उन्होंने कहा, "वर्ष 2035 तक, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन अनुसंधान और वैश्विक सहयोग में नई सीमाएं खोलेगा। वर्ष 2040 तक किसी भारतीय के कदम चंद्रमा पर होंगे। मंगल और शुक्र भी हमारे रडार पर हैं।" मोदी ने कहा कि वर्ष 1963 में एक छोटे रॉकेट को लॉन्च करने से लेकर, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनने तक, हमारी यात्रा उल्लेखनीय रही है।

उन्होंने कहा, "हमारी यात्रा उल्लेखनीय रही है। हमारे रॉकेट 1.4 अरब भारतीयों के सपने लेकर जाते हैं। भारत की उपलब्धियां महत्वपूर्ण वैज्ञानिक पड़ाव हैं। इसके अलावा, वे इस बात का सबूत हैं कि मानवीय भावना गुरुत्वाकर्षण को चुनौती दे सकती है।"

> **हमारी यात्रा उल्लेखनीय रही है। हमारे रॉकेट 1.4 अरब भारतीयों के सपने लेकर जाते हैं। भारत की उपलब्धियां महत्वपूर्ण वैज्ञानिक पड़ाव हैं। इसके अलावा, वे इस बात का सबूत हैं कि मानवीय भावना गुरुत्वाकर्षण को चुनौती दे सकती है**
>
> **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

## फिल्मी हस्तियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की


**नयी दिल्ली (एजेंसी)** अभिनेता रजनीकांत, अक्षय कुमार, अजय देवगन अल्लू अर्जुन, अभिनेत्री कंगना रनौत समेत कई फिल्मी हस्तियों ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मंगलवार देर रात भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई सैन्य कार्रवाई की सराहना की है।

दक्षिण भारत के सुपरस्टार रजनीकांत ने



'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, योद्धा की जंग शुरू...जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाए, रुकना नहीं है। पूरा देश आपके साथ है प्रधानमंत्री, गृहमंत्री ऑपरेशन सिंदूर ...जय हिंद।



अभिनेता अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा की जिस पर 'ऑपरेशन सिंदूर' लिखा नजर आ रहा है। अभिनेता ने इसे साझा करते हुए लिखा, "जय हिंद। जय महाकाल।"



अजय देवगन ने कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हमारी भारतीय सेना को सलाम करता हूं। जय हिंद!



मलयालम सुपरस्टार ममूटी ने भी भारतीय सशस्त्र बलों को सलामी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमारे असली नायकों को सलाम! ऑपरेशन सिंदूर ने फिर साबित कर दिया..., जब देश पुकारता है तो भारतीय सेना जवाब देती है। जीवन बचाने और उम्मीद जगाने के लिए धन्यवाद। आप पर देश को गर्व है। जय हिंद!



मंडी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, " जो हमारी रक्षा करते हैं, भगवान उनकी रक्षा करें। हमारे सुरक्षाबलों की सुरक्षा और सफलता की कामना करती हूं। 'ऑपरेशन सिंदूर' ।




अभिनेता अल्लू अर्जुन ने लिखा, " न्याय मिले। जय हिंद। ऑपरेशन सिन्दूर।"



अभिनेता पवन कल्याण ने राष्ट्रवादी कवि रामधारी सिंह दिनकर की हिंदी कविता परशुराम की प्रतीक्षा की कुछ पंक्तियां उद्धृत कीं। उन्होंने लिखा, "वीरता जहां पर नहीं, पुण्य का क्षय है। वीरता जहां पर नहीं, स्वार्थ की जय है।" सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए उसी पोस्ट में कल्याण ने बताया कि भारत ने किस प्रकार दशकों तक सहिष्णुता का परिचय दिया।



प्रकाश राज ने कहा, हमारे भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम.. भारत कभी भी आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा.. जय हिंद।



रवीना टंडन ने कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में रहा है। उन्होंने लिखा, फिर भी, दशकों से हम शत्रुतापूर्ण ताकतों द्वारा प्रायोजित छद्म युद्ध का सामना कर रहे हैं जिसमें अनगिनत निर्दोष लोगों की जान चली गई... दुनिया को अब आतंक की फैक्ट्रियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। भारत की कार्रवाई सुविचारित, रक्षात्मक है, जो नागरिकों को नहीं केवल आतंकी खतरों को खत्म करने पर केंद्रित है। हमारे सैनिकों और हमारे लोगों ने अपार धैर्य और साहस दिखाया है।




काजोल ने कहा, हमारे सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करती हूं।




सुनील शेट्टी ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा कि दुनिया में आतंकवाद की कोई जगह नहीं है। उन्होंने लिखा "आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाशत नहीं करेंगे। पूर्ण न्याय। 'ऑपरेशन सिंदूर' ।"



अभिनेता सिद्धार्थ मलहोत्रा ने 'इंस्टाग्राम' स्टोरी पर लिखा, आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं। जय हिंद की सेना।"



विक्की कौशल ने भारतीय ध्वज की एक तस्वीर साझा की और इसे कैप्शन दिया, जय हिंद, जय सेना, ऑपरेशन सिंदूर।



पृथ्वीराज सुकुमारन ने कहा कि आतंकवाद को कहीं भी, किसी भी रूप में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बलों को सलाम। जय हिंद।

फिल्मकार शेखर कपूर ने कहा कि भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब जिम्मेदारी से और आत्मविश्वास के साथ दिया है।



अभिनेता रितेश देशमुख ने लिखा, " जय हिंद की सेना भारत माता की जय।"



फिल्मकार मधुर भंडारकर ने लिखा, " हमारी प्रार्थनाएं सेना के साथ हैं। देश एकजुट है। जय हिंद, वंदे मातरम।"



अभिनेत्री निमरत कौर ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, "हम अपनी सेना के साथ हैं। एक देश, एक मिशन। जय हिंद।"'निमरत कौर के पिता सेना में अधिकारी थे और उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था।

## संपादकीय

### यूएन की चेतावनी को नजरअंदाज न करें

इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में चुन-चुनकर मारे गए 26 लोगों की मौत ने पूरे देश के अंतर्मन को झकझोरा है। साथ ही इस घटनाक्रम से उपजे आक्रोश ने सरकार पर आतंकियों व उनके आकाओं को सबक सिखाने का दबाब भी बनाया है। जिसके चलते दोनों देशों की तरफ से तल्ख बयानबाजी का जो दौर शुरू हुआ, वो थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसने दोनों देशों के संबंधों को निचले स्तर तक पहुंचा दिया है। जवाबी कार्रवाई के दबाव में स्थितियां खतरनाक स्थिति की तरफ बढ़ गई है। दोनों देशों की सीमाओं में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। तीखी बयानबाजी के बीच सैन्य ताकत को बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं। लगातार चिंताजनक होती स्थिति के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से बयान आया है। दोनों पक्षों को अधिकतम संयम बरतने की सलाह दी गई है। साथ ही कहा गया है कि तनाव का स्तर कम करने की कोशिश की जाए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का हस्तक्षेप और सुरक्षा परिषद के बंद कमरे में हुआ सलाह-मशविरा अंतर्राष्ट्रीय जगत की चिंता को ही रेखांकित करता है। निस्संदेह, संयुक्त राष्ट्र महासचिव की चेतावनी महज कूटनीतिक बयानबाजी नहीं है। निश्चित रूप से यह परमाणु हथियारों से लैस दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष को टालने की महत्वपूर्ण कोशिश है। हालांकि, पाकिस्तान ने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में ले जाकर भारत के खिलाफ माहौल बनाने का उपक्रम किया था। लेकिन वैश्विक मूड हस्तक्षेप के बजाय तनाव कम करने पर केंद्रित नजर आया। इसमें दो राय नहीं कि अब तक भारत की ओर संयमित प्रतिक्रिया ने स्थिति को और बिगड़ने से रोकने में मदद ही की है। हालांकि, दंडात्मक कार्रवाई के लिये देश के भीतर बढ़ती मांग ने दिल्ली पर सैन्य विकल्पों पर विचार करने का दबाव जरूर डाला है। हालांकि देश के दीर्घकालीन हितों के मद्देनजर कूटनीतिक प्रयासों से समस्या के समाधान की कोशिश की जानी चाहिए।

लेकिन इस हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जाता कि आंतरिक दबाव के चलते यदि सैन्य विकल्पों को प्राथमिकता दी जाती है, तो कालांतर इससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की शुरुआत हो सकती है। यह भी एक हकीकत है कि ऐसे मौके पर जब आतंकवादियों के क्रूर हमले में मारे गए लोगों के परिवार शोकाकुल हैं और जनता आक्रोशित है, संयम का आह्वान किसी को रास नहीं आएगा। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बड़े पैमाने पर संघर्ष को बढ़ावा देना कल्पना से अधिक तबाही ला सकता है। एक सैन्य टकराव न केवल इस उपमहाद्वीप को अपनी गिरफ्त में ले सकता है, बल्कि दशकों तक इस क्षेत्र को अस्थिर भी बनाये रख सकता है। विगत का अनुभव हमें याद कराता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले युद्ध से न केवल जन-धन की व्यापक क्षति होती है बल्कि साथ में कूटनीतिक अलगाव और आर्थिक झटके भी मिलते हैं। इन हालात में यह जरूरी है कि दोनों देश बैक चैनल के जरिये कूटनीतिक प्रयास करें तथा विश्वास निर्माण के उपायों के लिए फिर से प्रतिबद्धता दिखाएं।

वैश्विक समुदायों, खासकर संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका व चीन जैसे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को बयानों से आगे बढ़कर तनाव को बढ़ने से रोकने के लिये सक्रिय रूप से मध्यस्थता करनी चाहिए। हमें यह याद रखना चाहिए कि कश्मीर का सैन्य समाधान अतार्किक ही कहा जाएगा। एकमात्र वास्तविक समाधान निरंतर बातचीत में निहित है। दरअसल, आज अशांति के मूल कारणों को संबोधित करने की जरूरत है।

# सिंदूर के ठीक पूर्व जाति जनगणना नीलकंठाय संघवे अमृतेषाय सर्वाय



» डॉ. प्रवीण दाताराम
नियमित स्तंभकार,चार पुस्तकों का लेखन, दो पुस्तकों का सम्पादन

**भारत की एकता-अनेकता, खंडन-मंडन-विखंडन, रसता-समरसता, श्रेय-हेय, उत्कर्ष-निष्कर्ष, सफलता-असफलता, सबलता-निर्बलता आदि-आदि जैसे सभी तत्व हमारी जाति व्यवस्था के सुफलित होने पर ही निर्भर करता है।**

पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा बाईस अप्रैल के पहलगाम अटैक के बाद कुछ लोग कह रहे थे कि यह देश का ध्यान बाँटने का केंद्र सरकार का प्रयत्न है। वस्तुतः जाति आधारित जनगणना की घोषणा का यदि कोई देवयोग था, तो वह पाकिस्तान पर भारतीय हमले की यह पूर्वसंध्या ही थी। यह देश को एक करने, एक रखने, एक दिशा में बढ़ाने का सर्वाधिक सटीक समय है। अब राष्ट्रीय संकट के इन दिनों, महीनों या वर्षों में हम जातिगत गणना भी करेंगे और सभी जातियाँ एकात्म होकर भारतीय सेना के संग खड़ी भी दिखेंगी। यही है नया भारत।

मूल बात- "संघ का दृष्टिकोण- यदि, जातिगत जनगणना का उद्देश्य न्याय और कल्याण है, तो समर्थन है; यदि इसका उद्देश्य राजनीति और समाज को बांटना है, तो उसका सदैव ही विरोध है"।

भारत की एकता-अनेकता, खंडन- मंडन- विखंडन, रसता-समरसता, श्रेय-हेय, उत्कर्ष-निष्कर्ष, सफलता- असफलता, सबलता-निर्बलता आदि-आदि जैसे सभी तत्व हमारी जाति व्यवस्था के सुफलित होने पर ही निर्भर करता है।



जाति व्यवस्था के उत्कृष्ट प्रयोग से हम हमारे देश संगठन का समुत्कर्ष प्राप्त कर सकते हैं तो निकृष्ट उपयोग से हम रसातल में भी जा सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भारतीय जाति व्यवस्था को लेकर यही राय रही है। इस राय के अनुरूप ही आरएसएस भारतीय जाति व्यवस्था पर समय-समय पर प्रयोग-अनुप्रयोग करता है और करता रहेगा।

अपनी सौ वर्षों की यात्रा में संघ का यह जाति विमर्श देश के समक्ष प्रामाणिकता से स्पष्ट व स्थापित है। इस अवसर पर आरएसएस सौ वर्षीय प्रामाणिक जातीय दृष्टिकोण निश्चित ही देश को इस निर्णय की व्यापक पूर्व अध्ययन जनित पीठिका का आभास देता है। "संघ जो करेगा ठीक ही करेगा", आज देश का जनमानस ऐसा सोचने की सुलभ-सहज स्थिति में है। यह सब एकाएक नहीं हुआ है, यह संघ की शतवर्षीय अनथक, अनवरत यात्रा से उपजा तपोबल है। जनता स्पष्टतः जानती है, यदि भाजपा ने जातिगत गणना में तनिक भी राजनैतिक दृष्टिकोण रखा तो सर्वप्रथम संघ ही उसे रोकेगा।

संघ इस निर्णय को तब तक ही मानेगा जब तक यह ₹न्याय और कल्याण₹ का उपकरण है। सामयिक, सटीक, नवनुतन रहने वाले संघ ने इस नवीन तथ्य को माना है कि "कल्याणकारी शासकीय योजनाओं की सटीकता हेतु विवेचक सांख्यिकी अनिवार्य हैं। इस सांख्यिकी के बिना, शासकीय योजनाएं अनुचित वर्ग को लाभान्वित करती हैं, और, दूसरी ओर वंचित वर्ग वंचित ही रह जाता है।

'उन्हें इतना सारा मिला, हमें केवल ही इतना मिला', जैसे भाव समाज में उभरने की पर्याप्त संभावनाएँ हैं। इन भावों के उन्मूलन में भी निश्चित ही अपनी सांगठनिक शक्ति, समाज में पैठ व शुचिता के आधार पर, संघ, देश की मदद कर पायेगा यह विश्वास है। बल्कि, यह भी कहा जा सकता है कि जातिगत जनगणना के मंथन में जो विष निकलेगा उसे पीना और नीलकंठ बनना केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वश की ही बात है। सुधिजन, श्रेष्ठीजन यहाँ यह प्रश्न कर सकते हैं कि यदि संघ को इस मंथन से विष निकलने का इतना ही विश्वास है तो फिर इस मंथन को संघ रोकने का प्रयास क्यों नहीं कर रहा?! इसका उत्तर है कि "एक समय विशेष या कालखंड विशिष्ट में समाज का मंथन भी आवश्यक है और उससे निकले गरल कंठस्थ करना, नीलकंठ बनना और समाज को अमृतपान कराना भी आवश्यक है"। निश्चित ही संघ इस कार्य को भली भाँति कर पायेगा।

मूल भारतीय समाज में, अर्थात् हिंदू व हिंदू जनित अन्य धर्मावलंबियों के मानस में एक बात बड़ी स्पष्ट है- "यदि समाज का कोई अंग पीछे है तो उसे आगे लाना ही है" जातिगत सांख्यिकी और उनके विकास के सटीक आंकड़ों से, कई आशंकाओं, विसंगतियों व विराधाभासों का शमन हो जाएगा।

## मुद्दा

# बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है

» डॉ. आशीष वशिष्ठ

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं।

भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था।

24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था— ₹मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सज़ा मिलेगी।₹ बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं।

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले—बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही। और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया।

26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया।

हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया। इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र की सत्ता में थी। प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह। इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है। असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके। गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया। वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती। 12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। पीवी नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री थे।

## पर्सनालिटी

# रवींद्रनाथ टैगोर ने इन देशों का भी लिखा था राष्ट्रगान

**07 मई को महान क्रांतिकारी, संगीत और साहित्य के सम्राट रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म हुआ था। टैगोर को कविगुरु और विश्वकवि के नाम से भी जाना जाता है। वह नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले गैर यूरोपीय थे।**

महान क्रांतिकारी, संगीत और साहित्य के सम्राट रवींद्रनाथ टैगोर का 07 मई को जन्म हुआ था। रवींद्रनाथ टैगोर ने बांग्ला साहित्य और कला को समृद्ध करने के साथ ही भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगान भी लिखे। टैगोर को कविगुरु और विश्वकवि के नाम से भी जाना जाता है। वह नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले गैर यूरोपीय थे। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



### जन्म और शिक्षा

कोलकाता में 07 मई 1861 को रवींद्रनाथ टैगोर का जन्म हुआ था। वह एक धनी परिवार से ताल्लुक रखते थे। जहां पर उनको कला, साहित्य और संगीत के प्रति प्रोत्साहन मिला था। टैगोर ने महज 8 साल की उम्र में ही कविता लिखना शुरूकर दिया था। साल 1879 में उनकी पहली कविता प्रकाशित हुई थी। उन्होंने घर पर रहकर ही शिक्षा प्राप्त की थी। रवींद्रनाथ टैगोर ने बांग्ला और अंग्रेजी में कविताएं लिखीं।

### रचनाएं

रवींद्रनाथ टैगोर की रचनाएं में गोरखा, गीतांजली, गोरा, चंडालिका और रश्मिरथी शामिल है। साल 1913 में उनको गीतांजलि के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। बता दें कि उन्होंने संगीत नामक एक विशिष्ट संगीत शैली विकसित की। टैगोर ने करीब 2,000 से अधिक गीतों की रचना की, जिसको 'रवींद्र संगीत' के नाम से जाना जाता है।

उनको भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि के रूप में भी सम्मानित किया जाता है। टैगोर की रचनाओं का दुनिया में कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है।

साल 1901 में रवींद्रनाथ टैगोर ने पश्चिम बंगाल के ग्रामीण क्षेत्र में शांति निकेतन स्थित एक प्रायोगिक विद्यालय की स्थापना की थी। टैगोर ने इस विद्यालय में भारत और पश्चिमी परंपराओं को मिलाने का प्रयास किया। वहीं टैगोर भी विद्यालय में रहने लगे। साल 1921 में यह विद्यालय विश्व भारती विश्वविद्यालय बन गया।

### दो देशों का लिखा राष्ट्रगान

भारत और बांग्लादेश की आजादी के बाद रवींद्रनाथ टैगोर ने दोनों देशों के लिए राष्ट्रगान लिखा। जिसको आज भी राष्ट्रीय पर्व के मौके पर गर्व से गाया जाता है। इसके अलावा टैगोर ने श्रीलंका का भी राष्ट्रगान लिखा। रवींद्रनाथ टैगोर दूसरे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने विश्व धर्म संसद को दो बार संबोधित किया। इससे पहले स्वामी विवेकानंद ने धर्म संसद को संबोधित किया था।

### मृत्यु

वहीं 07 अगस्त 1941 में रवींद्रनाथ टैगोर का निधन हो गया था।

## आज का इतिहास

### 8 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1945 - मित्र राष्ट्रों की सेनाओं के समक्ष जर्मनी का आत्मसमर्पण।
1999 - बेलग्राद स्थित चीनी दूतावास पर नाटो द्वारा प्रक्षेपास्त्रों से हमला।
2000 - भारतीय मूल के 69 वर्षीय लॉर्ड स्वराजपाल ब्रिटेन के चौथे सबसे बड़े विश्वविद्यालय ब्रिटिश यूनीवर्सिटी के कुलपति नियुक्त।
2001 - अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य नियंत्रण बोर्ड से भी बाहर।
2002 - पाकिस्तान दौरा रद्द कर न्यूजीलैंड की टीम स्वदेश लौटी।
2004 - श्रीलंका के मुरलीधरन ने 521 विकेट लेकर सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने का रिकार्ड बनाया।
2006 - संयुक्त राज्य अमेरिका पाकिस्तान को आधुनिकतम पारम्परिक शस्त्र प्रणाली देने पर सहमत।
2010 - छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने दंतेबाड़ा में टाड़मेटला हमले के एक माह बाद बीजापुर-भोपालपट्नम राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सीआरपीएफ के बख्तरबंद वाहन को बारूदी सुरंग विस्फोट कर उड़ा दिया। इस घटना में आठ जवान शहीद हो गए। विस्फोट में वहाँ से गुज़र रहे दो नागरिक भी घायल हो गए।

### 8 मई को जन्मे व्यक्ति

1932 - सत्यब्रत मुखर्जी - पद्म भूषण से सम्मानित भारतीय राजनीतिज्ञ और लोकसेवी थे।
1929 - गिरिजा देवी - भारत की प्रसिद्ध ठुमरी गायिका
1916 - स्वामी चिन्मयानंद - भारत के प्रसिद्ध आध्यात्मिक चिंतक तथा वेदान्त दर्शन के विश्व प्रसिद्ध विद्वान।
1895 - गोपबन्धु चौधरी - उड़ीसा के प्रसिद्ध क्रांतिकारी तथा गाँधीवादी कार्यकर्ता।
1926 - तपन राय चौधरी - प्रसिद्ध इतिहासकार।
1828 - जीन हेनरी डयूनेन्ट - मानव सेवा के कार्यों के लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार व्यक्ति

### 8 मई को हुए निधन

1982 - आत्माराम रावजी देशपांडे - प्रसिद्ध मराठी साहित्यकार।
2013 - ज़िया फ़रीदुद्दीन डागर - भारत के मशहूर ध्रुपद गायक।
1993 - देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय - भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार थे।
1777 - मीर क़ासिम - बंगाल का नवाब
1915 - अमीर चन्द - भारत के स्वतंत्रता सेनानी थे।
1915 - भाई बालमुकुंद - भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले क्रांतिकारियों में से एक थे।
1927 - दामोदरम संजीवय्या - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।
1899 - वासुदेव चापेकर - भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध चापेकर बन्धुओं में से एक थे।

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान को दिया घर में घुसकर मुंहतोड़ जवाब, खुशी की लहर

» हनी चन्द्रा/ सब का सपना



**चंदौसी/संभल:** चंदौसी स्थित फुब्बारा चौक पर पाकिस्तान द्वारा कश्मीर के पहलगांम में किए गए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा की गई।

एयर स्ट्राइक को लेकर भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने हेतु उत्साहवर्धन स्वरूप भारतीय झंडे तिरंगे के साथ भारत माता की जयघोष करते हुए आतिशबाजी जलाकर जश्न मनाया। अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को समय-समय पर सबक सिखाया है इतने पर भी पाकिस्तान मानने वाला नहीं है हम भारतीय सेना पर गर्व करते हुए माननीय मोदी जी से मांग करते हैं कि अब पाकिस्तान का नामों निशान मिटा देने का काम कर देना चाहिए।

भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा कि इस एयर स्ट्राइक के माध्यम से यह सुनिश्चित हो चुका है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जो कोई भी भारत की ओर बुरी नजर से दिखेगा उसका पूर्णता जवाब देते हुए आतंकवाद का सफाया किया जाएगा। यह एयर स्ट्राइक केवल एक नमूना था इतने पर भी अगर पाकिस्तान नहीं माना तो अब बदला इससे भी कढ़ा लिया जायेगा और सभी आतंकियों को 72 हूरों के पास शीघ्र भेजा जायेगा।

हिंदूवादी नेता कौशल किशोर ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर हुई हिन्दुओं की हत्या करना निंदनीय था। प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो प्रण किया था कि पाकिस्तान को इस आतंकी हमले का जबाब दिया जायेगा इसी को ध्यान में रखकर जो भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक के माध्यम से पराक्रम दिखाते हुए जो आतंकी अड्डों को उड़ाया वो सराहनीय हैं। मोदी जी के नेतृत्व में अब शेष बचे आतंकियों का भी खात्मा होना सुनिश्चित हैं।

हिंदूवादी नेता राजकुमार ठाकरे ने कहा कि पहलगाम में हुए हिंदुओं के नरसंहार के हत्यारे भूल गए यह मोदी का बदला हुआ भारत है। आपरेशन सिंदूर द्वारा ही हमारी मातृशक्ति के सिंदूर के हत्यारों को जहन्नुम पहुंचाया गया है। अभी तो यह ट्रेलर है पिक्चर अभी बाकी है बहुत जल्दी आतंकी फैक्ट्री चलाने वाला पाकिस्तान कई टुकड़ों में विभाजित होगा।

इस दौरान अंकुर अग्रवाल, कौशल किशोर वन्देमातरम, प्रेम ग्रोवर, राजकुमार ठाकरे, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, शुभम अग्रवाल, गिरीश रतन, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, डॉ टीएस पाल, सुधीर मल्होत्रा, राजू चड्डा, आकाश आहूजा, यश मदान, आकाश शर्मा, दीपक मोदी, तुषार क्रिसटल, हेमन्त वार्ष्णेय, अनुज वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## अपनी इयूटी को बखूबी अंजाम दे रहे शिक्षक रामवीर सिंह

### इयूटी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी करते हैं बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी



» सब का सपना संवाददाता

**एक समय** में कभी काला पानी कहे जाने वाले ब्लाक गंगेश्वरी को शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाईयों तक ले जाने में शिक्षक रामवीर सिंह का योगदान भी किसी से कम नहीं है।

हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव पीपली मेकचंद में एक किसान परिवार में जन्मे शिक्षक रामवीर सिंह ने अपने पिता रामकुवंर सिंह एवं माता कामेश्वरी देवी से प्रेरणा लेकर बचपन से ही आगे बढ़ने की ठान ली थी। पढ़ने में वह शुरू से ही मेधावी रहें हैं।उन्होंने हाई स्कूल की शिक्षा किसान उपकार इंटर कॉलेज भवालपुर से प्रथम श्रेणी में, इंटर की शिक्षा कुंदन मॉडल इंटर कॉलेज अमरोहा से प्रथम श्रेणी में तथा ग्रेजुएशन,पोस्ट ग्रेजुएशन बिजनौर के वर्धमान कालेज से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया। इस बीच उन्हें अम्बेडकर छात्रावास बिजनौर में रहकर छात्र राजनीति का चस्का लग गया। वह अम्बेडकर छात्रावास के अध्यक्ष भी चुने गए।

वर्ष 2003 में पूरे प्रदेश में हुएं छात्र संघ चुनाव में वह वर्धमान डिग्री कालेज से प्रेसीडेंट का चुनाव लड़े और मामूली अंतर से चुनाव हार गए।उन्हें बचपन से ही अपने पिताजी के द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों को करने पर बड़ा गर्व रहता था। आगे चलकर उन्होंने भी समाज सेवा करने की ठान ली और समाज सेवा करने के लिए शिक्षक बनने की राह पर चल पड़े। आखिर वह शिक्षक बन ही गये और पहली तैनाती विकास खंड क्षेत्र के गंगेश्वरी में मिली। पदोन्नति के बाद भी विद्यालय तो बदला परन्तु ब्लॉक नहीं। जिसके बाद बतौर प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में तैनाती मिली।और यहां से फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

कोरोना काल में स्कूल बंद होने के चलते उन्होंने बच्चों को घर घर जाकर पढाना शुरू कर दिया। इस कार्य की गांव वालों ने खुले दिल से प्रशंसा की। बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रामवीर सिंह को कई बार जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है। इसके अलावा अनेकों सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी उन्हें सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया है।निपुण अभियान के तहत विद्यालय को निपुण बनाने में अपना पूर्ण योगदान किया। वर्तमान समय में वह उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष भी हैं।

## यातायात पुलिस द्वारा अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों पर की गई कार्यवाही



» सब का सपना संवाददाता

**संभल:** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार बिश्नोई तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात प्रभारी दुष्यंत बालियान मय फोर्स के अतिक्रमण मुक्त अभियान के अंतर्गत नेहरू चौक कस्बा गुन्नौर पर फल विक्रेताओं द्वारा रोड पर अव्यवस्थित तरीके से वाहनों को खड़ा करके क्रय विक्रय किया जा रहा था गलत तरीके से खड़े वाहनों पर एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई ।

एवं व्यापारियों को भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी गई दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने चार पहिया वाहनों को सीट बेल्ट लगाने तथा धीरे चलने दुपहिया वाहन चालकों को दो से अधिक सवारी न बिठाने को लेकर जागरूक किया गया यातायात पुलिस द्वारा जनपद में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

» सब का सपना संवाददाता





**अमरोहा:** जनपद में आपदा प्रबंधन के प्रति तैयारियों को सशक्त करने एवं जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जीआईसी कॉलेज व जीआईसी स्टेडियम में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम, एनसीसी कैडट, स्काउट, छात्रों व अन्य आपदा राहत इकाइयों ने भाग लिया।

ड्रिल का उद्देश्य आपदा स्थिति में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा आम नागरिकों को आपदा के समय अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करना था। ड्रिल के दौरान ADM अमरोहा , अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रभारी निरीक्षक अमरोहा नगर व अमरोहा देहात सहित पुलिस/प्रशासनिक कर्मी शामिल रहे।

ड्रिल में प्राथमिक बचाव तकनीकों, सुरक्षित निकासी प्रक्रिया, फर्स्ट ऐड एवं आपातकालीन सेवा नंबरों की जानकारी दी गई। आपदाओं से निपटने के लिए प्रशासनिक तंत्र की तैयारी जितनी जरूरी है, उतनी ही जरूरी है नागरिकों की जागरूकता और भागीदारी। मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

## अवैध तरीके से चल रहे डग्गामार वाहनों को किया गया सीज दी गई जानकारी



» सब का सपना संवाददाता

**संभल:** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार बिश्नोई तथा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात प्रभारी दुष्यंत बालियान मय फोर्स के साथ डग्गामार वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत कस्बा संभल में अवैध तरीके से चल रहे वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की गई ।

तथा दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने चार पहिया वाहनों को सीट बेल्ट लगाने तथा धीरे चलने दुपहिया वाहन चालकों को दो से अधिक सवारी न बिठाने शराब पीकर वाहन न चलाने को लेकर जागरूक किया गया यातायात पुलिस द्वारा जनपद में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है धीरे चले सुरक्षित रहे।

## छोटे हनुमान जी मंदिर पर किया प्रसाद वितरण



» हनी चन्द्रा/ सब का सपना

**चंदौसी/सम्भल:** मंगलवार को सीता रोड स्थित छोटे हनुमान जी मंदिर पर खीर के प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तों की अच्छी भीड़ देखने को मिली सभी भक्तों ने प्रसाद का आनंद लिया और हनुमान जी महाराज के जयकारों से मंदिर में उद्घोष किया। इस दौरान सचिन शर्मा शमसोइ वाले, अभिनव शर्मा, डॉ वीरेश कुमार, भारत अग्रवाल, शिवराम वत्स, अमोल शर्मा, बृजेश शर्मा, सचिन मिश्रा, अतुल शंखधर, हरीश कठेरिया आदि अन्य सेवक उपस्थित रहे।

## दुकानों तथा पब्लिक प्रतिष्ठानों पर बालश्रम टीम द्वारा किया गया बच्चों को चैक की गई नियमानुसार कार्यवाही

» सब का सपना संवाददाता




**बहजोई/संभल:** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के आदेश के अनुक्रम एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सम्भल अनुकृति शर्मा तथा पुलिस उपाधीक्षक डा0 प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में बाल श्रम के इंस्पेक्टर विनोद कुमार शर्मा ब चाइल्डलाइन की टीम के साथ प्रभारी निरीक्षक सत्य विजय सिंह थाना AHT जनपद संभल ने मय टीम के साथ कस्बा बहजोई में विभिन्न दुकानों /पब्लिक प्रतिष्ठानों पर बाल श्रम कर रहे बच्चों को चेक किया गया ।

इस दौरान नियमानुसार चार बच्चों को रेस्क्यू कर दुकानों / प्रतिष्ठानों के मालिक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा इस्लामनगर बहजोई रोड पर उपस्थित 08 ईट भट्टों पर जाकर वहां पर उपस्थित भट्टा मालिक/ मैनेजर व ठेकेदारों, श्रमिकों व उनके परिवार वालों को बाल श्रम में बच्चों को न लगाने के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर रखा ना जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी गई l

## गौवंश पशु से टकराई मोटर साइकिल बुजुर्ग महिला की मौत

» सब का सपना संवाददाता



**धनारी/संभल:** गौवंश पशु से टकराकर एक मोटर साइकिल पर सवार महिला और उसका बेटा हुए हादसे का शिकार महिला की मौके पर हुई मौत

मिली जानकारी के अनुसार आपको बताते चले मधुबाला पत्नी महेंद्रपाल (56) निवासी मझोला फतेहपुर थाना धनारी जनपद संभल ये अपने गांव से किसी शादी समारोह में जाने के लिए मंगलवार सुबह 9 बजे अपने बेटे सोमबीर पुत्र महेंद्रपाल के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर गांव पिनौनी थाना इस्लामनगर के लिए निकले थे तभी अचानक गांव कीरतपुर के पास मोटर साइकिल के सामने दो गौवंश पशु आ गए और मोटर साइकिल उनसे टकरा गई दोनों मां बेटे सड़क पर गिर गए थोड़ी देर काफी भीड़ मौके पर जमा हो गई।

सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई एम्बुलेंस को सूचना दी गई कुछ देर बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल बहजोई को 12:40 पर लाया गया उसके बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए अस्पताल के चिकित्सकों ने बुजुर्ग महिला मधुबाला पत्नि महेंद्रपाल को मृत घोषित कर दिया परिजन पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार कर शव को अपने साथ लेकर चले गए ।

## भाजपा ने मनाया एक राष्ट्र एक चुनाव, सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद

» हनी चन्द्रा/ सब का सपना





**चंदौसी/सम्भल:** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चंदौसी का एक विधानसभा सम्मेलन एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में संजीवनी पैलेस निकट रोडवेज बस स्टैंड चंदौसी पर आयोजित किया गया उक्त सम्मेलन में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार माननीय सोमेंद्र तोमर जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे बोलते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश के लिए बहुत आवश्यक है रोज आए दिन की समस्या देश पर आर्थिक बोझ सरकारी मशीनरी का रात दिन चुनाव में लगे रहना यह सब एक बहुत बड़ी समस्या बन गया है !

माननीय नरेंद्र मोदी जी देश के एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने की यह संकल्प लिया है देश में एक राष्ट्र एक चुनाव होना चाहिए माननीय मोदी जी ने पाकिस्तान पर हमला करके पाकिस्तान को यह बताने का काम किया है की अब आतंकवाद का सफाया होकर ही रहेगा !

पूरा देश माननीय मोदी जी के साथ है राजनीतिक दलों को ऐसे समय में एक साथ खड़े होना चाहिए किसी भी प्रकार की राजनीतिक रोटी नहीं सेकनी चाहिए चंदौसी विधानसभा की लोकप्रिय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती गुलाब देवी जी ने कहा कि हजारों लाखों करोड़ रुपए का बार-बार चुनाव होने में नुकसान होता है !

यह पैसा देश के विकास में काम आएगा इसकी चिंता मोदी जी ने की है और किसी नेता ने आज तक इस विषय पर ध्यान नहीं दिया विपक्ष के पेट में दर्द है माननीय मोदी जी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है यह भारत अब कमजोर और लाचार भारत नहीं है पाकिस्तान पर हमला करके यह माननीय मोदी जी ने संदेश देने का काम किया है आतंकी अड्डों को नस्ट नाबूत कर दिया जाएगा !

जनपद संभल के भाजपा जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह जी ने कहा कि देश की यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने रात पाकिस्तान पर हमला करके देश की जनता का दिल जीत लिया है भारत का सच्चा और राष्ट्रभक्त नागरिक माननीय मोदी जी के साथ है देश में एक राष्ट्र एक चुनाव माननीय मोदी जी की एक अच्छी पहल ही नहीं देश की जरूरत है ब्लाक बनिया खेड़ा की ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर सुगंध सिंह जी ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर प्रकाश डालते हुए आये हुए सभी कार्यकर्ता एवं जनता क्षेत्र के सम्मानित भाई बहनों का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम को समापन की घोषणा की कार्यक्रम का सफल संचालन जिला उपाध्यक्ष भाजपा मनोज कठेरिया एडवोकेट ने किया ! इस मौके पर प्रमुख रूप से परमेश्वर लाल सैनी, ओमवीर सिंह खड़गबंशी, राजेश शंकर राजू, अंकुर अग्रवाल,चंद्रसेन दिवाकर, गिरिराज मौर्य, हरवेश राघव, ललित मोहन शर्मा,हिर्देश राणा, रामनरेश यादव, राखी सिरोही,राजकुमार यादव, विनोद शर्मा, अश्वनी सक्सेना,सुधीर मल्होत्रा,अभिनव शर्मा,देवेंद्र गुप्ता मोनू मनोज दिवाकर, गिरीश रतन, तरुण नीरज, रोहित दिवाकर, नत्थू सिंह राणा, रामजी तोमर, मुकेश राघव, जीराजपुरी ओमेंद्र ठाकुर, अशरफी लाल राणा, आमोद वार्ष्णेय, महावीर चौधरी, सुधीर मल्होत्रा, आकाश आहूजा, सावन शर्मा, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर, मुरादाबाद पुलिस लाइन में सफल मॉक ड्रिल रिहर्सल

## स्टेशन पर यात्रियों की चेकिंग,प्लेटफॉर्म, वेटिंग रूम विशेष सतर्कता

सब का सपना संवाददाता







**मुरादाबाद।** बुधवार को देशभर में आपदा प्रबंधन और सुरक्षा तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में मुरादाबाद की पुलिस लाइन में एक बड़ी और संगठित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल और जिला अधिकारी अनुज सिंह इस मॉक ड्रिल में सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीमों ने हिस्सा लिया। और विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव व प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल की शुरुआत सुबह एयर सायरन बजाकर की गई, जिससे आपात स्थिति का संकेत दिया गया। इसके बाद सिविल डिफेंस की टीम ने आग लगने की घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया करते हुए बचाव अभियान शुरू किया।

फायर ब्रिगेड और बचाव टीमों ने समयबद्ध ढंग से आग पर काबू पाने का अभ्यास किया। इसके साथ ही एयर स्ट्राइक की स्थिति को दर्शाते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और घायलों को निकालने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया।

आम नागरिकों को किया गया जागरूक एसडीआरएफ की टीम ने ब्लैक आउट के हालात को लेकर विशेष रूप से आम नागरिकों को जागरूक किया। टीम ने बताया कि एयर स्ट्राइक या बड़े हमलों के दौरान ब्लैक आउट क्यों जरूरी होता है और आम नागरिकों को ऐसी स्थिति में क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए। घरों की लाइटें बंद करना, रेड लाइट का इस्तेमाल न करना और खुले में न निकलने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

सुरक्षा एजेंसियों के कार्यों की सराहना इस मॉक ड्रिल में बड़ी संख्या में आम नागरिक भी मौजूद रहे, जिन्हें रियल-टाइम सिचुएशन के जरिए आपदा के दौरान खुद को सुरक्षित रखने के तौर-तरीके बताए गए। लोगों ने इस अभ्यास में रुचि दिखाई और सुरक्षा एजेंसियों के कार्यों की सराहना की।

### मॉक ड्रिल की सफलता की सराहना

ज़िलाधिकारी और एसएसपी ने भी मॉक ड्रिल की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभ्यासों से न सिर्फ एजेंसियों की तैयारियों की जांच होती है, बल्कि आम जनता में भी सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ती है।

गृह मंत्रालय का यह कदम देश की आंतरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है, जिससे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी तंत्र पहले से तैयार रह सकें।

# सरकारी जमीन से हटाया अवैध कब्जा

## मुक्त कराई जमीन प्रधान की सुपुर्दगी में सौंपी

सब का सपना संवाददाता



**मैनाठेर।** ताहरपुर दोयम गांव में मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी खाद के गड्ढों की जमीन को कब्जामुक्त कराया था। जमीन को कब्ज़ा मुक्त कराकर प्रधान की सुपुर्दगी में सौंपी। राजस्व विभाग ने कार्रवाई समाधान दिवस पर आई शिकायतकर्ता कि, शिकायत के आधार पर की थी। अफसरों के निर्देश पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने पहले जमीन की पैमाइश की थी। जिसको कब्ज़ा मुक्त कराकर प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया। ताहरपुर दोयम गांव निवासी सनव उर्फ शिब्बू बिलारी में आयोजित समाधान दिवस पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने अफसरों को शिकायती पत्र सौपतें हुए पड़ोसी आसिफ पर सरकारी खाद के गड्ढों की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया था।

अफसरों के निर्देश पर मंगलवार को लेखपाल सचिन, कानूनगो नेत्रराम ने मौके पर पहुंचकर जमीन की पैमाइश की। मौके पर सरकारी खाद के गड्ढो की जमीन पर कब्जा मिला। राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी जमीन को कब्जामुक्त कराया। इसके बाद जमीन ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दी।

बुधवार को जब ग्राम प्रधान कब्ज़ा मुक्त कराई गई भूमि की बॉउड्री कराने पहुंचे तभी कब्ज़ा कर रहे लोगो ने इसका विरोध करते हुए ग्राम प्रधान के साथ अभद्र व्यबहार करने लगे ओर काम कर रहे मिस्त्रियो को भगा दिय। जिसपर प्रधान द्वारा डायल 112 को कॉल कि गई ओर कार्य सुचारु कराया गया। ग्राम पर प्रतिनिधि सैफ का आरोप हैं। कि गांव के लोग जो कब्ज़ा किये हुए जिनसे सरकारी जमीन को कब्ज़ा मुक्त कराया गया था अब बही लोग दबंगई के बल पर दरवाजा लगाना चाह रहे हैं। जबकि राजस्व टीम के द्वारा एक दिन पूर्व ही शिकातकर्ता कि शिकायत के आधार पर जमीन को कब्ज़ा मुक्त किया जा चूका है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंकों की सुरक्षा को लेकर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों का किया चेकिंग

सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा बुधवार को बैंक चेकिंग अभियान चलाकर बैंक,एटीएम तथा बैंकों के आस-पास संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों की चेकिंग की गयी तथा बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधक एवं बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

### अज्ञात टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल,उपचार के लिए भेजा अस्पताल

सब का सपना संवाददाता

**मुंढापाडें।** बुधवार को काशीपुर रोड अलीगंज मार्ग दलपतपुर मंदिर के पास अज्ञात टेंपो ने बाइक सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया।जोरदार टक्कर लगने से बाइक सवार घायल, बाइक सवारों को एंबुलेंस की मदद से मुरादाबाद सीएससी रेफर कर दिया। तालेवर पुत्र किशोरी ग्राम सैदपुर नगर चौकी अंतर्गत जिला रामपुर व नासिर गार्डन नगला और यासीन पुत्र अजीम निवासी दलपतपुर का संतुलन बिगड़ने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मुंढापांडे पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंचकर घायलों का तत्काल एंबुलेंस की मदद से अस्पताल रेफर किया।

### एक राष्ट्र एक चुनाव पर प्रबुद्ध समागम विचार आयोजन



सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय महत्व के विषय पर समाज के बुद्धिजीवियों के बीच परी चर्चा हेतु एक राष्ट्र एक चुनाव प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। जनपद मुरादाबाद के डिलारी के बंधन मैरिज हाल में भाजपा नेताओं ने रखे विचार रखे। एक राष्ट्र एक चुनाव विभिन्न दृष्टिकोण से देशहित व जनहित के लिए आवश्यक है। इससे देश भर में बार बार हो रहे चुनावों के कारण होने वाले व्यय में कमी तो आएगी ही लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अलग अलग समय पर कोई ना कोई चुनाव होते रहने से आदर्श आचार संहिता के कारण विकासत्मक परियोजनों में होने वाले विलम्ब से छुटकारा मिलेगा। एक राष्ट्र-एक चुनाव का सफल कार्यन्वयन चुनाव को एक लोक उत्सव के रूप में स्थापित करेगा तथा नागरिक सहभागिता में भी वृद्धि होगी। एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी डॉ हरी सिंह ढिल्लो ने सम्मिलित होकर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ हरस्वरूप शर्मा ने की,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह,पूर्व जिला महामंत्री चौधरी हुकुम सिंह ,ब्लॉक प्रमुख अर्जुन सिंह ,ब्लॉक प्रमुख नवदीप सिंह यादव ,मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह,मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ,मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि,मंडल अध्यक्ष नीरज,गन्ना चेयरमैन ,सुरेंद्र सिंह,गन्ना चेयरमैन दुर्गपाल सिंह,कार्यक्रम संचालक नरेंद्र आचार्य द्वारा किया गया। उधम सिंह ढिल्लो,अनुपम शर्मा एवं नीटू चौहान एवं समस्त पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुगलपुरा पुलिस ने अवैध चरस के साथ एक को पकड़ा

सब का सपना संवाददाता




**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध मादक पदार्थो के निर्माण,तस्करी व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत बुधवार को थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा अभियुक्त मौहम्मद इकराम पुत्र मौहम्मद यासीन निवासी वारसीनगर थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को एक अवैध 1100 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मुगलपुरा पर उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# एसपी देहात ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, दिए आवश्यक निर्देश

सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। बुधवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# पुलिस की नाक के नीचे रातों-रात अवैध मिट्टी खनन

## किसानों की जमीन बंजर, खनन माफियाओं को आखिरकार संरक्षण देने वाला कौन

सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** अवैध मिट्टी खनन के कारण किसानों की उर्वरक जमीन, बंजर में तब्दील होती जा रही है। सरकार की लाख कोशिश के बाद भी खनन माफिया के हौसले बुलंद है।डिलारी क्षेत्र में रात और रात अवैध खनन का सिलसिला जारी है। दिन ढलते ही चांदी काटते हैं। अवैध खनन कारोबारी डिलारी क्षेत्र के गांव सलेमसराय, चटकाली, बडेरा, मुस्तफापुर, सिहाली खद्दर, गकखरपुर, ढकिया जट, ढकिया पीरु, राजपुर केसरिया, मासूमपुर,व अन्य कहीं गांव मैं रात और दिन धड़ले के साथ अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है। कि अवैध रूप से नदी एवं ढेला नदी राम गंगा नदी से बिना परमिशन के अवैध खनन करते हैं। पूछे जाने पर भट्टे की परमिशन दिखाकर लोगों को गुमराह करते हैं। भट्टे की परमिशन की आड़ में अवैध खनन धड़ले से करते हैं। और रातों-रात मोटी चांदी काटते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मिट्टी ले जाते समय ट्रैक्टर ट्रॉली रात भर शोर मचाती हुई घूमती है। लोग चैन से सो नहीं पाते इन साधनों के प्रयोग से उठने वाला शोर वातावरण में गूंजता रहता है। अवैध खनन करने वालों के हौसले बड़े हुए हैं। वह बिना किसी डर के सरकारी और निजी जमीन को नुकसान पहुंचा रहे हैं। खनन कारोबारी मोटी रकम लेकर निर्माणाधीन प्लाट व जमीन की भरपाई का काम करते हैं। इससे मिट्टी की लगातार चोरी हो रही है। अवैध खनन से बने गड्ढों की भरपाई में लाखों रुपए खर्च होंगे। पहले तो खनन कारोबारी दिन में ठेका लेते हैं। उसके बाद जेसीबी से अवैध खनन करने वाले जमकर मिट्टी का खनन करते हैं। और दिन में जिन जगहों पर मिट्टी डालने का ठेका लेते हैं। वहां पर डंपर और ट्रैक्टरों को पहुंचाकर मिटटी डलवा देते हैं। अवैध खनन करने वाले वाहन तेजी से मिट्टी डालकर दोबारा खुदान वाली जगह पर पहुंच जाते हैं। और ज्यादा से ज्यादा चक्कर लगते हैं। दिन में दिन में खनन करते समय भट्टे की परमिशन की आड़ में मोटी रकम लेकर मिट्टी डालते हैं। रात में पुलिस अलर्ट रहने के बाद भी खनन कारोबारियों पर पुलिस की नजर क्यों नहीं पड़ती, किया खनन करने वालों पर पुलिस का कोई खौफ नजर नहीं। आखिर किसके संरक्षण के चलते अवैध रूप से खनन करते हैं। फोन करने पर पुलिस का फोन तो उठ जाता है। लेकिन खनन वाली जगह पुलिस नहीं पहुंचती निराश होकर स्थानीय लोग फिर फोन करना बंद कर देते हैं। यदि किसी को पकड़ भी दिया तो कार्रवाई करने के बजाय मामला रफा दफा कर दिया जाता है। इससे यह साफ जाहिर होता है। की पुलिस की नाक के नीचे रातों-रात अवैध खनन को खुलेआम अंजाम देते हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर देश वासियों के लिए खुशी का माहौल, एयरस्ट्राइक से आतंकवाद का खात्मा

सब का सपना संवाददाता

**भोजपुर।** देश चाहता है कि आतंक के ढांचे को पूरी तरह नष्ट कर आतंक का सफाया कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की एकता पर पहलगाम आतंकी हमले के 14 दिन बाद पाकिस्तान में लक्षित आतंकी ठिकानों पर सेना द्वारा गज़ब प्रहार किया गया है। हमें अपने वीर जवानों और भारतीय सेना पर गर्व है।

पाकिस्तान में भारत के ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी भारतीयों को तसल्ली हुई हैं। लोगो का कहना है कि पहलगाम हमले के बाद से ही लोगों में बहुत रोष था। और वो इसका जवाब चाहते थे। हमारे सुरक्षा बलों ने वही किया जैसा देश चाहता था। भारत को अपनी रक्षा करने का पूरा हक़ है।

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मुरादाबाद की नगर पंचायत भोजपुर के मुस्लिम समाज के लोगों और संतों ने खुशी जाहिर की है। डॉ धर्म सिंह सैनी, मोईनद्दीन, फिरोज आलम, रियाजुल, समर्थक और भोजपुर नागरिकों ने कहा जिस तरह से पाकिस्तान के आतंकवादियों ने हमारे पर्यटकों पर हमला किया और बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। उसी तरह से हमारी भारतीय सेना ने उनके सिंदूर का बदला ले लिया।

# ऑपरेशन सिंदूर मॉक ड्रिल के प्रदर्शन द्वारा युद्ध एवं आपदा से बचाव के तरीके बताए

सब का सपना संवाददाता




**मुरादाबाद।** रामनगर मझरा स्थित एएम पब्लिक स्कूल में भारत सरकार के निर्देशानुसार 7 मई को होने वाली युद्ध,सिविल डिफेंस,ब्लैक आउट, फर्स्ट एड, घरेलू एवं प्राकृतिक आपदा प्रबन्ध हेतु पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर युद्ध,ब्लैक आउट,फर्स्ट एड,फायर सेफ्टी,सर्च एंड रेस्क्यू कोई जाने की मॉक ड्रिल स्कूली बच्चों द्वारा कराई गई। प्रधानाचार्य ने युद्ध का उदाहरण देते हुए कहा कि आज यदि लोग जागरूक नहीं हुए हैं। तो युद्ध एवं भूकंप आने की स्थिति में कभी भी ऐसा हाल देखने को मिल सकता है। इसीलिए भारत सरकार इस विषय को लेकर बहुत चिंतित है। इसीलिए चिंता उन्मूलन के लिए बचाव हेतु बुधवार को युद्धाभ्यास की मॉक ड्रिल का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने युद्ध एवं आपदा प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराते हुए घायलों की प्राथमिक सहायता करना,खुद का बचाव और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के अनेकों तरीके बताए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक,अभिनव सैनी,प्रीति चतुर्वेदी,सुखविंदर कौर,मोहम्मद दानिश,ज्योति सैनी, ईशा परवीन, कशिश, नीतू, इकरार अहमद, शगुफ्ता अंसारी, राशि, इंशा, एमन, पूजा गौतम, आफरीन, ईशा परवीन, शिवानी एवं शगुन आदि सम्मिलित रहे।

# प्राईवेट स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने को लेकर कलेक्ट्रेट पर भूख हड़ताल पर बैठे

सब का सपना संवाददाता




**मुरादाबाद।** बुधवार को अपना दल कमेरावादी संगठन के मण्डल अध्यक्ष डॉ0 रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में अपना दल कमेरावादी जिला अधिकारी मुरादाबाद कार्यालय पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठकर निम्नलिखित बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। लाइन पर में स्थित कैल्टन इंग्लिश हाईस्कूल में हो रही मनमानी, अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्राइवेट स्कूल द्वारा प्रति वर्ष नए पाठ्यक्रम में ड्रेस बदलने पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्राइवेट स्कूलों द्वारा प्रतिवर्ष डोनेशन में मासिक शुल्क वृद्धि एवं नए एडमिशन व री एडमिशन के नाम पर अवैध वसूली को तत्काल रोका जाए। प्राइवेट स्कूलों में आरक्षित वर्ग के बच्चों को मिलने वाले आरक्षण को शक्ति से लागू किया जाए। प्राइवेट स्कूलों द्वारा एनुअल में अन्य कार्यक्रम के नाम पर अवैध धन वसूली, गर्मी की छुट्टी में फीस, बस की फीस वसूलने पर तत्काल रोक लगाई जाए। अपनी सास-सूत्रीय मांगों को लेकर माननीय जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा मुरादाबाद में 30% स्कूल फर्जी स्कूल चल रहे हैं। तथा प्रतिवर्ष पब्लिक स्कूलों में एडमिशन, रि-एडमिशन, फीस बढ़ोतरी के नाम पर अवैध वसूली होती है। तथा पाठयक्रम अपने कमीशन वाली दुकानों से खरीदवातें हैं। किसी भी प्रकार का कच्चा या पक्का बिल नहीं देते हैं। किताबों, वस्ते, ड्रेस आदि का मूल्य 100 गुना से भी अधिक लेते हैं। तमाम पार्टियों,संगठनों के विरोध के बावजूद भी इन प्राइवेट स्कूलों की कटाई,ठगाई व अवैध वसूली पर रोक नहीं लगी है। इतना ही नहीं शासन प्रशासन इनकी कटाई,ठगाई अवैध वसूली पर रोक लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है। जिससे सरकार की भी अधिक बदनामी हो रही है। तथा मण्डल अध्यक्ष ने कहा इनकी मनमानी,अवैध वसूली पर रोक नहीं लगाई गई तो अपना दल कमेरावादी के पदाधिकारी अनिश्चित कालीन के लिये जिलाधिकारी कार्यालय पर भुख हड़ताल पर बैठेंगे। धरना-प्रदर्शन में अंकित ठाकुर, ठाकुर मंजू राठौर, डॉ0 तौसीफ अहमद, आंचल कश्यप, बाबू खान, बी0 एल0 गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, राकेश कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, नेमवती चंद्रा, शाइस्ता सैफी, राहुल सागर, नरेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

## रेमेडियम लाइफकेयर राइट्स इश्यू को सकारात्मक प्रतिभाव

### पहले दो दिनों में 26 प्रतिशत सब्सक्राइब

**मुंबई, एजेंसी।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल स्टोन है। इस इश्यू को निवेशकों और शेयरधारकों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और दूसरे दिन के अंत तक इसे 26.03 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से, रेमेडियम लाइफकेयर एक तेजी से बढ़ती कंपनी है जो फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के हिस्से के रूप में कच्चे माल के व्यापार और वितरण में विशेषज्ञता रखती है। इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से वैश्विक विस्तार पहलों में तेजी लाने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी के पदचिह्न को मजबूत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इससे कंपनी की समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करके और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाकर, रेमेडियल लाइफकेयर का लक्ष्य अपने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक मूल्य हासिल करना है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य खुद को वैश्विक विशेष रसायन और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करना भी है। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक आदर्श मुंजाल ने कहा कि इस कदम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और महत्वपूर्ण वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। हमारा ध्यान विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और व्यापक बाजार की सेवा के लिए अनुसंधान और विनिर्माण में आगे बढ़ने पर है। यह दृष्टिकोण हमारी दीर्घकालिक स्थिरता और सफलता सुनिश्चित करेगा।

## टेक्सटाइल शेयरों में तूफानी तेजी, 20 प्रतिशत तक उछल गया दाम

**मुंबई।** टेक्सटाइल कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। एसपी अपैरल्स, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, अरविंद लिमिटेड, केपीआर मिल और वेलस्पन लिविंग के शेयर बुधवार को 20 पर्सेंट तक उछल गए हैं। भारत और युनाइटेड किंगडम ने मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को अंतिम रूप दे दिया है, इसी के बाद टेक्सटाइल कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली है।

एस पी अपैरल्स लिमिटेड के शेयर बुधवार को 20 पर्सेंट उछलकर 876.10 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

डील से टेक्सटाइल इंडस्ट्री को क्या फायदा

भारत-यूके के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के तहत टेक्सटाइल्स और गारमेंट्स पर 8-12 प्रतिशत यूके इंपोर्ट ड्यूटी को हटा दिया जाएगा। इंपोर्ट ड्यूटी खत्म होने से बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत का एक्सपोर्ट और प्रतिस्पर्धी होगा। इसे गोकलदास एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, केपीआर मिल, अरविंद लिमिटेड, एसपी अपैरल्स और वेलस्पन लिविंग जैसी कंपनियों के लिए पॉजिटिव डिवेलपमेंट के रूप में देखा जा रहा है।

## अमेरिका 1, चीन 2, जर्मनी 3...

# भारत करने वाला है बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 2025 तक जापान को पीछे छोड़ देगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह बात कही है। उसके अनुसार, जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आईएमएफ के अप्रैल में जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है। भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह जापान के 4.186 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ही ज्यादा है। 2024 में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना थी। तब भारत की जीडीपी 3.9 ट्रिलियन डॉलर थी, जबकि जापान की 4.1 ट्रिलियन डॉलर थी। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। वह अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल गया है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2025 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह पहले के 6.5 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है। फिर भी भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत की अर्थव्यवस्था में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आईएमएफ के अनुसार, 2025 में यह 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके उलट जापान की अर्थव्यवस्था 2025 में केवल 0.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इससे पता चलता है कि दोनों देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग है। भारत की तेज ग्रोथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बदल रही है। इससे भारत को अपने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय समकक्षों पर महत्वपूर्ण लाभ मिल रहा है। आईएमएफ के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांग और अनुकूल



जनसांख्यिकीय रुझानों के कारण आगे भी बढ़ती रहेगी।

### जापान के पीछे जाने के कई हैं कारण

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता बनी हुई है। व्यापार तनाव और नीतिगत बदलावों का असर कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है। इनमें जापान भी शामिल है। जापान की आर्थिक संभावनाओं को बाहरी दबावों से नुकसान हुआ है। अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आईएमएफ ने हाल ही में जापान के 2025 के विकास अनुमान को 1.1 प्रतिशत से घटाकर 0.6 प्रतिशत कर दिया है। जापान की आबादी बूढ़ी हो रही है और कार्यबल घट रहा है। ये लंबे समय से चली आ रही संरचनात्मक समस्याएं हैं जो विकास को बाधित कर रही हैं। इन फैक्टर्स के कारण जापान की अर्थव्यवस्था भारत की तुलना में धीमी रफ्तार से बढ़ रही है। भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में एक बड़े बदलाव का संकेत है। अभी अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद भारत का नंबर आता है।

## 2030 तक भारत जर्मनी को छोड़ देगा पीछे

आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था जर्मनी से 20 प्रतिशत बड़ी हो जाएगी। यह 6.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। यह जापान से 33 प्रतिशत से भी ज्यादा बड़ी होगी। 2020 में भारत ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष अगले चार वर्षों में अर्थव्यवस्था में 10.1 प्रतिशत की ग्रोथ का अनुमान लगाता है।

आईएमएफ ने अपनी वर्ल्ड इकनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। यह दुनिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल रही है। भारत सरकार ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन कदमों में बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार को बढ़ावा देना शामिल है। भारत की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ के कई कारण हैं। एक कारण यह है कि भारत की आबादी युवा है और तेजी से बढ़ रही है। दूसरा कारण है कि भारत में एक बड़ा और बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग है। तीसरा कारण यह है कि भारत सरकार आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी से देश के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। इससे गरीबी कम होगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। भारत की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ से देश को वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद मिलेगी। आईएमएफ का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी की रफ्तार आगे भी बनी रहेगी। भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है।

- पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन (गुजरात) ने किया उदयपुर एयर टर्मिनल पावर सप्लाई के लिए

## 21.41 करोड़ का ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट हासिल

**मुंबई।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड जो इलेक्ट्रिकल कांट्रैक्टिंग और उपकरण उद्योग के प्रमुख नामों में से एक है, को न्याती इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड से एक महत्वपूर्ण ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर 21.41 करोड़ मूल्य का है और इसके तहत राजस्थान के उदयपुर एयर टर्मिनल पर पावर सप्लाई सिस्टम के डिज़ाइन, सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, कमीशनिंग और क्लाइंट हैंडओवर का कार्य शामिल है। इस 21.41 करोड़ मूल्य के ऑर्डर में पावर सप्लाई सिस्टम की विस्तृत इंजीनियरिंग और डिज़ाइन, सभी आवश्यक इलेक्ट्रिकल उपकरणों की आपूर्ति, संपूर्ण इंस्टॉलेशन और इंटीग्रेशन प्रक्रिया, कठोर परीक्षण और कमीशनिंग (जिससे यह विमानन मानकों के अनुरूप हो), तथा अंतिम रूप से क्लाइंट को पूरी तरह से तैयार सिस्टम सौंपना शामिल है। यह परियोजना अनुबंध प्राप्ति की तिथि से छह माह के भीतर पूरी कर ली जाएगी। यह अनुबंध पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो हवाई अड्डों के लिए टर्नकी ईपीसी समाधान प्रदान करने की उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि पीआइजीएल की उस सिद्ध विशेषज्ञता को और मजबूत करती है, जिसके तहत कंपनी ने हमेशा विमानन क्षेत्र के लिए मिशन-क्रिटिकल पावर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया है — वो भी उच्चतम स्तर की विश्वसनीयता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप। इस ऑर्डर के साथ, पीआइजीएल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह भारत भर में ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड दोनों प्रकार की एयरपोर्ट परियोजनाओं के लिए पसंदीदा ईपीसी पार्टनर बनी हुई है। पावर एंड इंस्ट्रुमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहा, उदयपुर एयर टर्मिनल का ऑर्डर प्राप्त करना हमारे एयरपोर्ट ईपीसी पोर्टफोलियो में एक और महत्वपूर्ण पाडाव है।

### धानुका एग्रीटेक ने मध्य प्रदेश की कृषि क्षमता के सदुपयोग के लिए

# सार्वजनिक-निजी भागीदारी के महत्व पर ज़ोर दिया

**भोपाल।** एक ऐतिहासिक प्रेस सम्मेलन के दौरान धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में मौजूद कृषि क्षमता पर रोशनी डाली। इस अवसर पर सम्मेलन को सम्बोधित करने वाले प्रवक्ताओं में डॉ आर.जी. अग्रवाल, चेयरमैन एमेरिटस, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड; श्री चेतन सराओगी, प्रेसिडेंट, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड शामिल रहे।

वक्ताओं ने ज़ोर देकर कहा कि मध्यप्रदेश के पास विविध कृषि-जलवायु क्षेत्र और मजबूत फसल उत्पादन क्षमता होने के बावजूद, राज्य अभी तक अपनी पूरी कृषि क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है ताकि भारत की कृषि जीडीपी में और बड़ा योगदान दे सके। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि विकास को तेज़ करने और किसानों की भलाई के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, खासकर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के ज़रिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के 14 करोड़ किसानों और 6.5 लाख गांवों की ज़रूरतें कोई एक संस्था अकेले पूरी नहीं कर सकती।

सम्मेलन के दौरान किसानों को सामना करने वाली तीन प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई- आधुनिक कृषि तकनीकों तक सीमित पहुंच, उत्पादों के लिए उचित मूल्य न मिलना, और उच्च गुणवत्ता वाले असली कृषि उत्पादों की कमी। प्रवक्ताओं ने सरकार से आग्रह किया कि इन मुद्दों को हल करने के लिए किसानों के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम




शुरू किए जाएं। उन्होंने यह भी सलाह दी कि किसान केवल वैध बिलों के साथ कृषि इनपुट्स खरीदें और पैकेजिंग पर मौजूद क्यूआर कोड के जरिए उत्पाद की प्रमाणिकता जांचें।

डॉ आर.जी. अग्रवाल, चेयरमैन एमेरिटस, धानुका एग्रीटेक लिमिटेड ने इस दिशा में प्रयासों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और किसान समुदाय को सशक्त बनाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार से उनके साथ मिलकर पीपीपी-आधारित प्रोग्राम शुरू करने का आग्रह किया।

प्रवक्ताओं ने 2000 में होशंगाबाद जिले में धानुका द्वारा शुरू की गई पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पहल की सफलता का उल्लेख किया। मध्य प्रदेश सरकार के साथ मिलकर चलाए गए इस कार्यक्रम के परिणामस्वरूप, 2-3 सालों में फसलों की औसत उत्पादकता में 20-30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसके कारण होशंगाबाद को 'बेस्ट एग्रीकल्चर डिस्ट्रिक्ट' का प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ। इस परियोजना के परिणामों को बाद में मैनेज, हैदराबाद द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में दस्तावेज़ित किया गया और प्रमाणित किया गया।

# 31 मई तक अकाउंट में रखिए 436 रुपये... बैंक भेज रहे ग्राहकों को मैसेज



**मुंबई, एजेंसी।** अगर आप धानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पीएमजेजेबीवाई) से जुड़े हैं तो ये खबर ापके काम की है। दरअसल, इस ाजना की डेडलाइन 31 मई को खत्म हो ही है। इसके बाद आप प्रधानमंत्री जीवन योति बीमा योजना के ग्राहक नहीं रह ाएंगे। अगर आगे भी इससे जुड़े रहना ाहते हैं तो आपको 31 मई तक अपने 'क अकाउंट में 436 रुपये रखने होंगे। स संबंध में बैंक अपने ग्राहकों को सेज भी भेजने लगे हैं। आइए डिटेल में योजना के बारे में जान लेते हैं।

### क्या है डिटेल

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) साल 2015 में शुरू की गई थी, जो ग्राहकों को 2 लाख रुपये तक का बीमा कवर देती है। योजना का प्रीमियम एक साल की अवधि के लिए होता है। यह अवधि जैसे ही खत्म होती है, एक बार फिर से प्रीमियम जमा करना होता है। इसी के बाद ग्राहकों को बीमा कवर मिल पाता है। योजना एक साल की जीवन बीमा योजना है जो किसी भी कारण से होने वाली मृत्यु को कवर करती है।

### कौन लोग हैं पात्र

योजना के लिए पात्र 18-50 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्ति हैं। 50 वर्ष की आयु पूरी करने से पहले योजना में शामिल होने वाले लोग नियमित प्रीमियम के भुगतान पर 55 वर्ष की आयु तक लाइफ के रिस्क को जारी रख सकते हैं। इस योजना के लिए प्रीमियम 436 रुपये प्रति वर्ष है, जिससे 2 लाख रुपये का लाइफ कवर मिलता है। बता दें कि योजना के तहत नामांकन खाताधारक के बैंक की शाखा/बीसी पॉइंट या बैंक की वेबसाइट पर जाकर या डाकघर बचत बैंक खाते के मामले में डाकघर में किया जा सकता है। योजना के तहत प्रीमियम ग्राहक के बैंक खाते से हर साल ऑटो डेबिट किया जाता है।

## 90 के शेयर पर टूट पड़े निवेशक, खरीदने की लूट

**मुंबई, एजेंसी।** भारत सीट्स लिमिटेड के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में बुधवार, 7 मई को 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। इसी के साथ यह शेयर 90.60 रुपये पर पहुंच गया। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के बंपर नतीजे हैं। दरअसल, मार्च तिमाही के दौरान भारत सीट्स का मुनाफा 42.5 प्रतिशत बढ़कर 11.4 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8 करोड़ था।

**रेवेन्यू में भी बढ़ोतरी-** कंपनी का रेवेन्यू साल-दर-साल आधार पर 41.4 प्रतिशत बढ़कर 393 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले समान तिमाही में यह 278 करोड़ रुपये था।

ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय 23 करोड़ रही, जो पिछले साल के 17 करोड़ से 34 प्रतिशत अधिक है।

# टैरिफ का असर: 58 कंपनियों ने आईपीओ लाने की योजना टाली; इश्यू लाने के लिए सेबी के पास आवेदन में आई भारी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टैरिफ के कारण वैश्विक बाजार में मचे उथल-पुथल के कारण देश की 58 कंपनियों ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ लाने की योजना टाल दी है। इन सबको पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। अगर अगले कुछ महीनों में यह कंपनियां बाजार में नहीं आती हैं तो मंजूरी खत्म हो जाएगी और नए सिरे से इनको आवेदन करना होगा। तीन बड़े आईपीओ एलजी, एंथम बायोसाइंसेज व अवांस फाइनेंशियल ने योजना टाल दी है। अवांस को अक्तूबर, 2024 में, एंथम को 3 अप्रैल और एलजी को इस साल मार्च में मंजूरी मिली थी। एलजी 15,000 करोड़ जुटाना चाहती है। अवांस 3,061 करोड़ व एंथम 3,404 करोड़ जुटाना चाहती है। दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी के मुख्य वित्तीय अधिकारी किम चांग ताए के अनुसार, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का इश्यू तभी आएगा, जब बाजार की स्थितियां सही मूल्यांकन और तालमेल सुनिश्चित करेंगी। शुरू में आईपीओ मई में आने की उम्मीद थी, लेकिन अब कंपनी अगस्त के बाद लाने की योजना बना रही है। वैश्विक अनिश्चितता को देखते हुए इस समय चुनिंदा संस्थागत निवेशक ही निवेश को तैयार हैं। यह रुझान इस बात का संकेत है कि वैश्विक व्यापार युद्ध व देशों के बीच तनावों ने आर्थिक दृष्टिकोण को धुंधला कर दिया है।




### एथर की खराब शुरुआत छह फीसदी टूटा शेयर

करीब 3,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने वाली एथर एनर्जी की खराब शुरूआत रही। मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर इसका शेयर 302 रुपये पर बंद हुआ। यह इश्यू भाव 321 रुपये की तुलना में 5.76 फीसदी कम है। दिन में यह 332 रुपये तक गया था। कंपनी ने इश्यू का आकार 44 फीसदी घटा दिया था।

**संक्षिप्त समाचार**

## इस मदर्स डे पर कैलिफोर्निया आमंड्स के पोषण से अपनी माँ को दीजिये सेहत का तोहफा

**भोपाल, एजेंसी।** माँ का प्यार और देखभाल हर दिन हमें ताकत देता है, और इसे जताने के लिए एक दिन काफी नहीं है। इस मदर्स डे पर, आइए हम अपनी माँ की देखभाल करें। इसके लिए एक बेहद आसान तरीका है कैलिफोर्निया आमंड्स को उनकी रोज की आदत में शामिल करना। बादाम माँ को दिनभर की थकान में ऊर्जा देंगे, उनकी सेहत का खयाल रखेंगे और उनकी त्वचा को भी पोषण देंगे। कैलिफोर्निया आमंड्स किंग ऑफ नट्स कहा जाता है। इसमें 15 जरूरी पोषकतत्वं होते हैं, जैसे कि प्रोटीन, ज़िंक, मैग्नीरशियमऔर विटामिन ई। अपनी माँ की रोजाना की आदम में मुट्ठीभर बादाम शामिल करके आप उनके ब्ल ड शुगर लेवल्सर को नियमित रख सकते हैं, उनके दिल की सेहत में मदद कर सकते हैंऔर उनकी त्वकचा को ज्याीदा चमकदार बना सकते हैं। साथ ही बादाम से उन्हेंभ अपना वजन नियंत्रित रखने और एनर्जी पाने में भी मदद मिलेगी। इस मदर्स डे पर कैलिफोर्निया आमंड्स को माँ का खास साथी बनाएं। जब माँ सबकी देखभाल करती हैं, तब बादाम उनकी सेहत का खयाल रखेंगे। उन्हें दिखाएं कि उनकी सेहत हमारे लिए कितनी अहम है, और उन्हें पौष्टिक बादाम का खूबसूरत तोहफा दें। बॉलीवुड अभिनेत्री और सेलेब्रिटी सोहा अली खान ने कहा, ''सेहत मेरे लिए हमेशा अनमोल खजाना रही है। मैं रोज़ अपनी सेहत का ख्याल रखने की कोशिश करती हूँ। बचपन में मैं अपनी माँ को उनकी सेहत के लिए अच्छा गिफ्ट देती थी, और यह परंपरा मैं हर मदर्स डे पर निभाती हूँ। मुझे माँ के लिए ऐसी मिठाई बनाना पसंद है जो स्वादिष्ट, पौष्टिक और सेहतमंद हो। इस मिठाई को और खास बनाने के लिए मैं उसमें कैलिफोर्निया आमंड्स मिलाती हूँ। बादाम में जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो स्वाद और सेहत का शानदार मेल देते हैं। सबसे खास बात, मेरी बेटी भी अब मेरी तरह सेहतमंद तोहफे चुनने लगी है।''

## कोस्टाओ के प्रचार के लिए नवाजुद्दीन सिद्दीकी भोपाल पहुँचे

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल इस गर्मी के मौसम में बॉलिवुड के ग्लैमर में डूब गया, जब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ज़ी5 पर स्ट्रीम हो रही अपनी नई फिल्म, कोस्टाओ को प्रमोट करने के लिए शहर में पहुँचे। उन्होंने अपनी इस विज़िट में लोगों से खुलकर चर्चा की, कोस्टाओ के बारे में बताया, इसमें अपने किरदार की जानकारी दी तथा भोपाल के खाने एवं महाँ की मेहमाननवाजी के अपने गहरे प्रेम के बारे में बताया, जिसकी वजह से वो बार-बार भोपाल आना चाहते हैं। फिल्म और अपने सफ़र के बारे में बात करते हुए नवाजुद्दीन ने बताया कि, कोस्टाओ एक ऐसी कहानी है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी मेरे अंदर समा सी गई है। कोस्टाओ फर्नांडीज जैसे किरदार जो बहुत दबाव के बावजूद अपने सिद्धांतों पर कायम रहता है, ऐसे किरदार को निभाने से मुझे अनुशासन, जुनून और निडरता के सही मायने पता चले। मुझे खुशी है कि मैं उसकी कहानी को पर्दे पर ला सका। दर्शकों से जो प्यार और प्रतिक्रिया मिली है, उससे मैं बहुत खुश हूं, और उम्मीद करता हूं कि जैसे उन्होंने मेरे पिछले किरदारों को पसंद किया है, वैसे ही इस बार भी अपना प्यार बनाए रखेंगे। साथ ही अपने शहर के दौरे के अनुभव के बारे में नवाज ने कहा कि, भोपाल हमेशा से ही बहुत अपनापन और गर्मजोशी से स्वागत करता है। जब भी मैं यहां आता हूं, तो यहां का स्ट्रीट फूड ज़रूर खाता हूं।कोस्टाओ का निर्देशन सेजल शाह ने किया है। यह एक दिलचस्प बायोग्राफिकल क्राईम ड्रामा है, जो 1990 के गोवा में गलियों की धूप और छांवदार पृष्ठभूमि में आगे बढ़ता है। कोस्टाओ फर्नांडिस (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) सिद्धांतों पर चलने वाले कस्टम अधिकारी हैं, जो सोने की तस्करी करने वाले एक ताकतवर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई के संघर्ष में पूरी तरह से उलझ जाते हैं। वो अपने अटल नैतिक सिद्धांतों और दृढ़ साहस के साथ अपनी नौकरी, अपनी सुरक्षा और अपने परिवार तक को जोखिम में डाल देते हैं, लेकिन सही के साथ खड़े रहते हैं। इस फिल्म को उनकी बेटी की नजर से पेश किया गया है, जो भावनाओं, एक्शन और सस्पेंस के साथ आगे बढ़ती है तथा आपको ईमानदारी, विश्वासघात एवं साहस के सफर पर ले जाती है। यह केवल एक कहानी नहीं है, बल्कि हर उस योद्धा के लिए एक सैल्यूट है, जो कभी झुकता नहीं है।

# हिमाचल में घरेलू सहायिकाएं भी पाएंगी सम्मान निधि; कैबिनेट के बड़े फैसले



**शिमला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेशवासियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सरकार ने कैबिनेट की बैठक में घरेलू कार्य करने वाली महिलाओं को 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' में शामिल करने का निर्णय लिया है। इसके तहत वे महिलाएं जिन्होंने घरेलू सहायिका के रूप में न्यूनतम 100 दिन का काम किया है, वे योजना की पात्र होंगी। साथ ही इन महिलाओं की 21 साल या उससे अधिक उम्र की बेटियों को भी 1500 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी।

राज्य सरकार ने प्राकृतिक पद्धति से उगाई गई फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। अब प्राकृतिक गेहूं का एमएसपी 40 रुपये से बढ़ाकर 60 रुपये प्रति किलोग्राम कर दिया गया है। मक्की के लिए यह दर 30 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये की गई है। इसी तरह प्राकृतिक रूप से उगाई गई कच्ची हल्दी का समर्थन मूल्य 90 रुपये और चंबा जिले के पांगी क्षेत्र में उगाई गई जौ का एमएसपी 60 रुपये तय किया गया है। पांगी को प्रदेश का पहला प्राकृतिक खेती उप-मंडल घोषित किया गया है।

बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा और बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर देने के उद्देश्य से मंत्रिमंडल ने निजी ऑपरेटरों को 422 स्टेज कैरिज रूट आवंटित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूत बनाएगा।

मंत्रिमंडल ने शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम और सड़क किनारे पार्किंग की समस्या से निपटने के लिए बंद बेसमेंट फ्लोर को पार्किंग के लिए खोलने की अनुमति दी है। यदि पार्किंग फ्लोर का प्रयोग किसी अन्य कार्य के लिए किया गया तो उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और फ्लोर को दोबारा पार्किंग उपयोग के लिए बहाल करना होगा।

कैबिनेट ने डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, हमीरपुर में नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग आरंभ करने को मंजूरी दी है। इन विभागों के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों के 118 नए पदों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा राज्य के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों में 43 तकनीकी पदों को भरने का निर्णय भी बैठक में लिया गया। इससे कृषि अनुसंधान और विस्तार कार्यों को गति मिलेगी।

जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए हमीरपुर जिले के सुजानपुर में जल शक्ति विभाग का नया मंडल स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार ने नई होमस्टे नीति को मंजूरी दी है। इसके तहत चंबा जिले के पांगी उपमंडल में होमस्टे रजिस्ट्रेशन शुल्क मानक दर का केवल 50 प्रतिशत ही लिया जाएगा। कैबिनेट ने कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के कोसरी में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र को 10 बिस्तरों वाले आयुर्वेदिक अस्पताल में अपग्रेड करने और ऊना जिले के पंजावर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बदलने का फैसला लिया। दोनों स्थानों पर जरूरी पद भी सृजित किए जाएंगे। सरकार ने नवगठित 14 नगर पंचायतों और स्तरोन्नत नगर निगम क्षेत्रों के निवासियों को अगले तीन वर्षों तक ग्रामीण दरों पर जल शुल्क देने का निर्णय लिया है। इसमें नादौन, बैजनाथ-पपरोला, ज्वालामुखी, देहरा, पांवटा-साहिब, ज्वाली जैसे क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। बैठक में सात स्टेट ऑफ आर्ट (एसओए) आईटीआई और सात महिला आईटीआई को अन्य निकटवर्ती आईटीआई में विलय करने को मंजूरी मिली है।

प्रदेश कैबिनेट ने जेलों में बंद उन कैदियों के लिए नई नीति को मंजूरी दी है जो अच्छे आचरण का परिचय दे रहे हैं। मंत्रिमंडल ने तय किया है कि ऐसे कैदियों को निर्धारित सजा पूरी होने से पहले प्रोबेशन यानी निगरानी पर रिहा किया जाएगा। हालांकि यह रिहाई पूरी तरह सशर्त होगी और रिहा होने के बाद उनका व्यवहार व गतिविधियां लगातार निगरानी में रहेंगी। रिहाई के बाद अपराध में लिप्त पाए जाने वालों को वापस जेल भेजा जाएगा।

# गाजियाबाद में एनकाउंटर, पुलिस ने गोलीबारी के बाद 4 को पकड़ा

**गाजियाबाद एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के क्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में खड़ी कारों से लैपटॉप और नकदी चुराने के चार आरोपियों को पुलिस ने एक मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया, जिनमें दो पुलिस की गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने बतााय कि चारों तरफ से घिर जाने के बाद आरोपियों ने पुलिस पर गोली चलाई थी, जिस कारण पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसमें दो बदमाशों को गोली लगी है। वेव सिटी की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) प्रियांशी पाल ने बताया कि मुठभेड़ क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में सोमवार/मंगलवार की रात करीब 1−30 बजे हुई। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हाई-राइज सोसायटी के पास खड़ी एक ऑटो-रिक्शा और दो मोटरसाइकिलों को घेर लिया, जहां चार संदिग्ध ऑटो के अंदर बैठे हुए थे और लक्ष्य की तलाश कर रहे थे। पाल ने बताया कि पुलिस टीम को देखकर संदिग्धों ने मोटरसाइकिलों पर भागने की कोशिश की, लेकिन वायरलेस अलर्ट के बाद एक अन्य गश्ती दल ने उन्हें रोक लिया। घेरे जाने पर संदिग्धों ने पुलिस पर गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलायी, जिससे दो संदिग्धों को पैर में गोली लग गई।

पाल ने बताया कि अन्य दो को बिना किसी चोट के पकड़ लिया गया। आरोपियों की पहचान करण जाट उर्फ सोनू, अनीस, निजाकत अली और गोविंद कश्यप के रूप में हुई है। सभी की उम्र 30 साल के आसपास है। पूछताछ के दौरान उन्होंने ऑर्बिट प्लाजा के पास खड़ी दो गाड़ियों से एक लैपटॉप और 45,000 रुपये की नकदी से भरा बैग चुराने की बात कबूल की। पुलिस ने दो देसी पिस्टल, दो इस्तेमाल किए गए कारतूस, एक जिंदा कारतूस और लोहे की गेंदों के साथ तीन लोहे की गुलेल बरामद की, जिनका इस्तेमाल दूर से कार की खिड़की के शीशे तोड़ने के लिए किया गया था। एसीपी ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

# कब होगी नोएडा-ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो की शुरुआत? केंद्रीय मंत्री ने बताया

**नोएडा एजेंसी।** नोएडा से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बीच मेट्रो को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। केंद्रीय शहरी आवास और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने इसकी जल्द शुरुआत करने का वादा किया है। सांसद डॉ. महेश शर्मा और दादरी विधायक तेजपाल नागर के नेतृत्व में मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय शहरी आवास और ऊर्जा मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने वादा किया कि वह मेट्रो की इस परियोजना को जल्द पूरा कराएंगे। नोएडा से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए चलने वाली मेट्रो की परियोजना लंबे समय से अटकी हुई है। इसको लेकर कई बार कवायद शुरू की गई, लेकिन अब तक यह परियोजना धरातल पर नहीं उतर सकी। एक माह पहले सांसद डॉ. महेश शर्मा ने यह मामला संसद में भी उठाया था।

इसके बाद एक सप्ताह में ही इसके लिए बैठक आयोजित कर निर्णय लेने का दावा किया गया था, लेकिन अब तक निर्णय नहीं हो सका। मंगलवार को सांसद और विधायक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर कहा कि इस परियोजना को शीघ्र पूरा कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि ग्रेनो वेस्ट की मेट्रो की लाइन को सीधा बॉटेनिकल गार्डन से जोड़ा जाए, ताकि लोगों के लिए दिल्ली आना-जाना आसान हो सके। विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि इस पर केंद्रीय मंत्री ने उनसे लिखित में प्रस्ताव लेकर आश्वस्त किया है कि इस पर गंभीरता से विचार करेंगे और परियोजना को जल्द प्रारम्भ कर मेट्रो का संचालन कराएंगे। प्रतिनिधिमंडल में सांसद और विधायक के साथ मुकेश चौहान, संदीप शर्मा, लोकेश त्यागी, दीपक यादव आदि शामिल रहे।

# देश के अंदर भी दुश्मन ढेर, छत्तीसगढ़ में 15 नक्सलियों को मार गिराया, पहाड़ी पर घिरे हैं 1000 नक्सली

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जारी नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने 15 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के करेंगुट्टा की पहाड़ियों और छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित पहाड़ियों में 21 अप्रैल को 'मिशन संकल्प' नाम से अभियान शुरू किया गया, जिसमें लगभग 24 हजार जवान शामिल हैं। अभियान की समीक्षा कर रहे एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, तलाशी अभियान जारी है और अगले कुछ घंटों में अधिक जानकारी दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक पहाड़ियों पर हजार नक्सलियों को घेरा गया है।



ऐसे में एक तरफ जहां ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जहां पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया है तो वहीं ऑपरेशन संकल्प के जरिए देश के अंदर छिपे दुश्मनों को निशाना बनाया जा रहा है। अधिकारी ने ऑपरेशन संकल्प के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें 15 से अधिक नक्सलियों को ढेर कर दिया गया।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इससे पहले सोमवार को सुरक्षाबलों ने एक वर्दीधारी महिला नक्सली को मार गिराया था और घटनास्थल से हथियार और अन्य सामान बरामद किए थे। वहीं 24 अप्रैल को तीन महिला नक्सली के शव बरामद किए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिण पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्र के जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना के बाद सुरक्षा बल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था।

उन्होंने बताया कि बताया कि बस्तर क्षेत्र में शुरू किए गए सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स और छत्तीसगढ़ पुलिस के एसटीएफ, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवान समेत विभिन्न इकाइयों के जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अंतरराज्यीय सीमा पर बीजापुर (छत्तीसगढ़) और मुलुगु और भद्राद्री-कोठागुडेम (तेलंगाना) के दोनों ओर लगभग आठ सौ वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैले दुर्गम इलाके और घने जंगल में जारी है। यह स्थान राजधानी रायपुर से 450 किलोमीटर दूर है।

# बांग्लादेश में चुनावी सरगर्मी तेज, पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा के ढाका वापसी से यूनुस सरकार पर बढ़ा प्रेशर



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के स्वदेश लौटते ही चुनाव कराने का दबाव बढ़ गया है. लंदन से इलाज कराकर जिया के ढाका लौटने से देश के अंतरिम नेताओं पर आम चुनाव कराने के लिए प्रेशर बढ़ गया है. गौर करें तो बीते साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर विद्रोह में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हाथ धोना पड़ा था. उसके बाद से बांग्लादेश में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार चल रही है.

वहीं, शेख हसीना की कट्टर प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया और उनकी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी दिसंबर में राष्ट्रीय चुनाव कराने के लिए यूनुस सरकार पर दबाव बना रही है. बीएनपी जल्द से जल्द देश में लोकतांत्रिक शासन की वापसी चाह रही है. गौर करें तो कई लोगों ने हसीना को सत्ता से बेदखल करने का स्वागत लोकतांत्रिक चुनावों की वापसी के एक अवसर के रूप में किया था. मगर हाल के महीनों में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली नई सरकार की जल्द चुनाव कराने की प्रतिबद्धता को लेकर संदेह के बादल गहरा गए हैं. इस सरकार ने कहा है कि अगला चुनाव इसी साल दिसंबर में या अगले साल जून 2026 तक होगा. हालांकि ये सब देशभर में चल रहे विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों की सीमा पर निर्भर करेगा. उधर जिया के स्वागत के लिए ढाका के मुख्य हवाई अड्डे के बाहर भीड़ उमड़ पड़ी. अपनी दो बहुओं के साथ जिया कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी द्वारा मुहैया कराए गए एक विशेष एयर एम्बुलेंस से पहुंचीं. कतर के अमीर शेख ने ही जनवरी में खालिदा के लंदन जाने की भी व्यवस्था कराई थी. बता दें कि जिया कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं और उन्होंने कई वर्षों से किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लिया है. उनके बड़े बेटे तारिक रहमान लंदन में निर्वासन में रहते हुए पार्टी के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं. इस तरह से देखा जाए तो बांग्लादेश में खालिदा जिया की उपस्थिति उनकी पार्टी के लिए बहुत बड़ा महत्व रखती है, जबकि पूर्व पीएम शेख हसीना भारत में निर्वासन में रह रही हैं. गौर करें तो साल 1991 में तानाशाह राष्ट्रपति एच.एम. इरशाद के सत्ता से बेदखल होने के बाद लोकतंत्र में वापस लौटा था. इसके बाद से खालिदा जिया और शेख हसीना ने बारी-बारी से प्रधानमंत्री के रूप में बांग्लादेश पर शासन कर रही हैं. खालिदा जिया तीन बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं. उन्होंने दो बार पूरे 5 साल के कार्यकाल को पूरा किया. तीसरी बार सिर्फ कुछ महीनों के लिए ही सत्ता में रहीं.

# ट्रंप के विरोधी सांसद भी पहलगाम पर आए साथ, कहा- अमेरिकी प्रशासन खुलकर भारत का करे सहयोग



**ह्यूस्टन, एजेंसी।** सांसद थानेदार ने अमेरिकी प्रशासन पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले पर सुस्त प्रतिक्रिया दिखाने का आरोप लगाया. हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी. डेमोक्रेट सांसद थानेदार ने 'हिंदूएक्शन' द्वारा 'ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा' (जीकेपीडी) और 'कश्मीर ओवरसीज एसोसिएशन यूएसए' (केओए-यूएसए) के साथ मिलकर आयोजित एक शोक सभा में कहा, बयानबाजी पर्याप्त नहीं है, कार्रवाई की जरूरत है. वाशिंगटन डीसी में सोमवार को 'रेबर्न हाउस ऑफिस बिल्डिंग' में 'पाकिस्तान प्रॉक्सी वॉर अगेंस्ट हिंदू ग्लोबन इंप्लीकेशन' नाम के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. थानेदार ने हिंदू अमेरिकियों से राजनीतिक रूप से एकजुट होने का आग्रह किया और वाशिंगटन से भारत को अन्य प्रमुख सहयोगियों, विशेष रूप से इजराइल के समान ही रणनीतिक महत्व देने का आह्वान किया. 'हिंदूएक्शन' के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती के अनुसार, पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले में मारे गये लोगों के नाम पढ़े गए और भगवद गीता के श्लोकों का पाठ किया गया. उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर यह जानकारी दी और एक प्रेस विज्ञप्ति साझा की. रक्षा विभाग की सलाहकार क्रिस्टल कौल भी कार्यक्रम में शामिल हुई. जीकेपीडी के सह-संस्थापक सुरिंदर कौल ने कहा, कश्मीर में जो हुआ वह वैश्विक आतंकवाद की एक बड़ी चुनौती का हिस्सा है. चरमपंथ के जाल इसकी सीमाओं से कहीं आगे तक फैले हुए हैं. माइकल रुबिन ने खाड़ी युद्ध के दौरान मार्गरेट थैचर-जॉर्ज बुश गठबंधन की तरह भारत-अमेरिका की आवश्यक साझेदारी की तुलना की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर रणनीतिक दबाव बनाए रखने का आग्रह किया. रुबिन ने कहा, अमेरिका के पास अपने सबसे करीबी लोकतांत्रिक सहयोगियों में से एक के साथ खड़े न होने का कोई बहाना नहीं है.

# भारत के साथ रक्षा समझौतों को संशोधित किया जा रहा है: मालदीव

**माले, एजेंसी।** मालदीव ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ मौजूदा रक्षा समझौतों में संशोधन किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मालदीव की संप्रभुता और स्वतंत्रता प्रभावित नहीं हो. यहां मीडिया की खबरो में यह जानकारी दी गई है. रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून ने संसद के सदस्यों को यह भी बताया कि मालदीव में तैनात 74 भारतीय सैनिक, जिन्हें पिछले साल भारत के साथ हुए समझौते के तहत वापस भेजा गया था, मालदीव में रहने के दौरान निहत्थे थे.

मौमून का यह बयान मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा 15 घंटे की मैराथन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह कहने के कुछ दिनों बाद आया है कि भारत सहित अन्य देशों के साथ पिछली सरकार द्वारा किए गए समझौतों को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है. मुइज्जू की टिप्पणियों की विपक्षी नेता ने आलोचना की थी, जिन्होंने भारत जैसे देशों के साथ समझौतों के बारे में 2023 के चुनाव अभियान के दौरान 'झूठे दावे' करने के लिए उनसे माफी की मांग की थी. न्यूजपोर्टल 'एडिशन. एमवी.' की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को संसद सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए मौमून ने कहा कि दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे घनिष्ठ संबंधों के तहत भारत के साथ किए गए समझौतों में संशोधन किया गया है या किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे मालदीव की संप्रभुता और स्वतंत्रता की रक्षा करें.

सरकारी समाचार एजेंसी 'पब्लिक सर्विस मीडिया' (पीएसएम न्यूज) ने मंत्री के हवाले से कहा कि 1965 में मालदीव को स्वतंत्रता मिलने के बाद से भारत के साथ 100 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और उनमें से चार रक्षा मंत्रालय से संबंधित हैं.



पीएसएम न्यूज ने कहा कि समीक्षाधीन प्रमुख समझौतों में से एक भारत की सहायता से उथुरु थिलाफाल्हू में एक नौसैनिक 'डॉकयार्ड' के विकास से संबंधित है. वर्ष 2023 के चुनाव से पहले विपक्ष में रहने के दौरान मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने उथुरु थिलाफाल्हू समझौते के पहलुओं की आलोचना की थी, जिसमें दावा किया गया था कि कुछ प्रावधानों का राष्ट्रीय नीति के साथ टकराव है. 'एडिशन. एमवी.' के अनुसार, मंत्री ने कहा कि ऐसे खंडों में अब संशोधन किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने इससे अधिक कोई विवरण साझा नहीं किया. चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद से मालदीव और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट देखी गई. शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर उन्होंने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस भेजे जाने की मांग की थी.

इसके बाद, मार्च और 10 मई के बीच आपसी सहमति से भारतीय सैन्यकर्मियों की जगह आम नागरिकों को नियुक्त किया गया. मालदीव में भारतीय सैन्यकर्मियों से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए रक्षा मंत्री मौमून ने मंगलवार को पुष्टि की कि वर्तमान में देश में कोई भी भारतीय सैनिक तैनात नहीं है. वर्ष 2024 के जून में विदेश मंत्री एस जयशंकर की पहली आधिकारिक यात्रा और अक्टूबर 2024 में मुइज्जू की भारत यात्रा के बाद, दोनों देशों ने संबंधों को फिर से सुधारने की कोशिश की है.

# विदेशी खिलाड़ियों के पीएसएल छोड़ने पर पीसीबी ने कहा तय कार्यक्रम जारी रहेंगे




**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को दावा किया कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते सीमा पार तनाव के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी।


भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ शामिल हैं। ये हमले पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किए गए जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

बोर्ड के एक अधिकारी ने भी पुष्टि की कि भू-राजनीतिक स्थिति के कारण अभी तक किसी भी विदेशी खिलाड़ी ने लीग छोड़ने का कोई अनुरोध नहीं किया है। लीग में शामिल छह फ्रेंचाइजी के कम से कम तीन मीडिया मैनेजरों ने कहा कि अभी तक उनकी टीमों के किसी भी विदेशी खिलाड़ी ने लीग छोड़ने का अनुरोध नहीं किया है।

लीग में प्रत्येक फ्रेंचाइजी के दल में पांच-छह विदेशी खिलाड़ी हैं। पीसीबी ने कहा कि इस्लामाबाद यूनाइटेड और क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बीच होने वाला मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

# पंजाब किंग और मुंबई मैच पर संकट

## धर्मशाला से बाहर स्थानांतरित होने की संभावना



**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस मैच को धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम से स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। पंजाब और मुंबई के बीच मैच रविवार 11 मई को होगा।

भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है। यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई जिसमें 26 लोग मारे गए थे और अधिकांश पर्यटक थे। इसी के साथ ही भारत-पाक के बीच तनाव की स्थिति के कारण हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है जिससे दोनों टीमों की यात्रा प्रभावित होना तय है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस मैच धर्मशाला से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में स्थानांतरित करने के बारे में चर्चा हो रही है। पंजाब और मुंबई के बीच होने वाले मैच के लिए मुंबई के खिलाड़ियों के लिए वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था की तलाश भी जारी है क्योंकि पंजाब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए पहले से ही धर्मशाला में है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अभी तक इस बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी है जिससे यह कहा जा सकता है कि आईपीएल का शेड्यूल जैसा चल रहा है वैसे ही चलेगा।



# मिशेल ओवेन को पंजाब किंग्स में मिली जगह

## चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह टीम में शामिल हुए

**धर्मशाला (एजेंसी)।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है। वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है। टीम में शामिल होने पर ओवेन ने कहा, 'मैं पंजाब किंग्स में शामिल होने का अवसर पाकर वास्तव में उत्साहित हूं। पंजाब किंग्स के मुख्य कार्यकारी सतीश मेनन ने कहा, ''हमें विश्वास है कि मिच ओवेन के पास आईपीएल में कामयाब होने के लिए कौशल और स्वभाव है।

# 'एकता में निडर, शक्ति में असीम', आपरेशन सिंदूर की भारतीय खिलाड़ियों ने सराहना की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना के 'आपरेशन सिंदूर' की भारतीय खेल जगत ने सराहना की है और चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने तो कहा, 'एकता में निडर, शक्ति में असीम। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए,




जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है। यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई जिसमें 26 लोग मारे गए थे और अधिकांश पर्यटक थे।

तेंदुलकर ने 'एक्स ' पर लिखा, 'एकता में निडर, शक्ति में असीम। भारत की ढाल उसके लोग हैं। दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं। जय हिंद।

पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, 'अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ। जय हिंद।

पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा, 'भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की।

पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा, 'जय हिंद। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी इसकी सराहना की। विजेंदर ने लिखा, 'भारत माता की जय। योगेश्वर ने लिखा, 'आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत। जय हिंद, जय जवान। शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा, 'मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया। आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिए। आपरेशन का कितना सुंदर नाम। भारत माता की जय।

# हार्दिक पांड्या और आशीष नेहरा ने किया आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन, लगा भारी जुर्माना

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 56 मैच के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी पूरी टीम तथा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गये मैच में धीमी ओवर गति के लिए हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध है इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित मैच खेल रही टीम के सभी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया।



वहीं गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। उन्होंने अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार करते हुए मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया।

खेलो इंडिया गेम्स 2025

# साइक्लिंग ट्रैक पर चला हर्षिता जाखड़ का जलवा, सुहानी ने रच दिया बिहार का इतिहास

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के साइक्लिंग मुकाबलों के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। 18 वर्षीय हर्षिता ने 500 मीटर टाइम ट्रायल और 7.5 किमी स्क्रैच रेस में दबदबे के साथ जीत हासिल की। राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के साइक्लिंग मुकाबलों के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। 18 वर्षीय हर्षिता ने 500 मीटर टाइम ट्रायल और 7.5 किमी स्क्रैच रेस में दबदबे के साथ जीत हासिल की। हर्षिता, जिन्होंने 2025 जूनियर ट्रैक एशियन साइक्लिंग चैंपियनशिप में चार पदक जीते थे और टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप में जगह बनाई थी, ने 500 मीटर टाइम ट्रायल में 38.631 सेकंड का समय निकालकर महाराष्ट्र की आकांक्षा म्हात्रे (38.742) और तमिलनाडु की एस थबीथा (39.454) को पीछे छोड़ा।

दिन की शुरुआत में, हर्षिता ने 7.5 किमी स्क्रैच रेस में 11:50.973 के समय के साथ बिहार की सुहानी कुमारी को पछाड़ते हुए पहला स्वर्ण पदक जीता। सुहानी ने 11:51.558 में रजत और म्हात्रे ने 11:51.649 में कांस्य पदक जीता। हर्षिता ने पदक वितरण के बाद कहा, मैं अपने चचेरे भाई आदित्य जाखड़ के साथ स्वर्ण जीतकर खुश हूं।



मेजबान बिहार ने सुहानी कुमारी की 7.5 किमी स्क्रैच रेस में रजत और टीम स्प्रिंट में दूसरा रजत जीतकर पदक खाता खोला। टीम में अमृता कुमारी, शालिनी कुमारी और सुहानी शामिल थीं। सुहानी (17) ने कहा, पहले दिन बिहार के लिए दो पदक जीतना मेरे लिए गर्व की बात है। मुझे खुशी है कि मैंने हमारे खाते की शुरुआत की। हमारी जीत सभी को प्रेरित करे। हमने अच्छी ट्रेनिंग की और प्रतियोगी बहुत अच्छे हैं। उनके साथ खेलना नया अनुभव है। टाइम ट्रायल (1000 मीटर): 1. आदित्य जाखड़ (राजस्थान) 1:06.675; 2. साहिब प्रताप सिंह सरकारिया (राजस्थान) 1:08.644; 3. जी साई चरण यादव (तेलंगाना) 1:09.056

**स्क्रैच रेस (10 किमी)**- 1. सिद्धेश सरजेराव घोरफड़े (महाराष्ट्र) 13:26.584; 2. महावीर सारण (राजस्थान) 13:26.601; 3. थौनाओजम ज्ञानंता सिंह (मणिपुर) 13:27.933

**टीम स्प्रिंट (3 लैप)**- फाइनल: झारखंड (अर्जुन कुमार, निखिल लोहरा, बिकाश उरांव) 48.868 ने मणिपुर (कोंथौजम लांचेनबा सिंह, थौनाओजम ज्ञानंता सिंह, हुईड्रोम सूरज सिंह) 50.156 को हराया; कांस्य: अंडमान-निकोबार (माइकल, रोनी माइसलाप, चेम्बरलाइन) 50.471 ने राजस्थान (दिनेश गट, आदित्य जाखड़, ओमप्रकाश गट) 50.648 को हराया

**लड़कियां** - टाइम ट्रायल (500 मीटर): 1. हर्षिता जाखड़ (राजस्थान) 38.631; 2. आकांक्षा म्हात्रे (महाराष्ट्र) 38.742; 3. एस थबीथा (तमिलनाडु) 39.454

**स्क्रैच रेस (7.5 किमी)**- 1. हर्षिता जाखड़ (राजस्थान) 11:50.973; 2. सुहानी कुमारी (बिहार) 11:51.558; 3. आकांक्षा म्हात्रे (महाराष्ट्र) 11:51.649

**टीम स्प्रिंट (3 लैप)**- फाइनल: झारखंड (सबिना कुमारी, संजू कुमारी, सिंधु लता हेम्ब्रम) 56.283 ने बिहार (अमृता कुमारी, शालिनी कुमारी, सुहानी कुमारी) 57.606 को हराया; कांस्य: तमिलनाडु (जयज्योत्सना, जे निरलमाथी, एस थबीथा) 57.614 ने महाराष्ट्र (आकांक्षा म्हात्रे, श्रावणी कसर, असावरी अनिल राजमाने) 58.069 को हराया।

# हार्दिक पांड्या ने बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड, ये प्लेयर्स भी कर चुके हैं ऐसा

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ एक ओवर में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गेंद फेंकने का शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया। गुजरात ने 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हार्दिक ने आठवें ओवर में गेंदबाजी की। उन्होंने दो नो-बॉल और तीन वाइड गेंदें फेंकी, जिससे उनके छह गेंदों के ओवर में 11 गेंदें हो गईं और उन्होंने 18 रन दिए।



यह आईपीएल इतिहास में एक ओवर में किसी गेंदबाज द्वारा फेंकी गई संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गेंदें हैं। अब वह ऐसा करने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। इससे पहले मोहम्मद सिराज, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर और संदीप शर्मा ऐसा कर चुके हैं। उन्होंने अपने ओवर की शुरुआत तीन गेंदों से की और फिर लगातार वाइड गेंदें फेंकी और फिर नो-बॉल फेंकी। वाइड और नो-बॉल की कहानी तब तक जारी रही जब तक गिल ने ओवर की आठवीं गेंद (चौथी वैध गेंद) पर छक्का नहीं जड़ दिया। हार्दिक ने एक बार फिर वाइड गेंद फेंकी और डॉट बॉल के साथ अपने ओवर का समापन किया, जिससे उनके ओवर में 18 रन बने।

## आईपीएल में एक ओवर में सबसे ज़्यादा गेंदें फेंकने वाले खिलाड़ी

11 गेंदें मोहम्मद सिराज बनाम एमआई बेंगलुरु 2023 (ओवर -19)
11 गेंदें तुषार देशपांडे बनाम एलएसजी चेन्नई 2023 (ओवर -4)
11 गेंदें शार्दुल ठाकुर बनाम केकेआर कोलकाता 2025 (ओवर -13)
11 गेंदें संदीप शर्मा बनाम डीसी दिल्ली 2025 (ओवर -20)
11 गेंदें हार्दिक पांड्या बनाम जीटी वानखेड़े 2025 (ओवर -8)

हार्दिक की परेशानी सिर्फ गेंद तक ही सीमित नहीं थी। हार्दिक बल्ले से भी पहली पारी में विफल रहे, 12वें ओवर के बाद उनकी टीम 105-4 के स्कोर पर थी। अनुभवी ऑलराउंडर ने घुटने पर बैठकर स्लॉग स्वीप करने का प्रयास किया। वह अपने शॉट को बीच में नहीं ले पाए और गेंद ऊपर से लग गई, जो स्लिप में गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल के हाथों में चली गई। सफल कैच के साथ हार्दिक को एक (3) रन बनाकर सस्ते में ड्रेसिंग रूम लौटना पड़ा।

# गुजरात शीर्ष पर पहुंची, मुंबई की राह अब मुश्किल, सूर्यकुमार ने हासिल की ऑरेंज कैप




**मुंबई (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए वर्षा प्रभावित आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में पहले स्थान पर आ गई है। मुंबई को इस हार से झटका लगा है और उसकी प्लेऑफ की उम्मीदों पर संकट के बादल छा गए हैं।

गुजरात टाइटंस ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शुभमन गिल (नाबाद 38), शरफेन रदरफोड (नाबाद 26) की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 56वें मैच में मुम्बई इंडियंस को डकवर्थ लुईस पद्धति से तीन विकेट से हरा दिया है। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने खराब शुरूआत के बाद जॉश बटलर ने कप्तान शुभमन गिल की मदद के बाद 6 विकेट पर 132 रन बना लिए। हालांकि बारिश के बाद डकवर्थ लुईस पद्धति के अनुसार गुजरात मैच में चार रन पीछे था। बारिश रूकने के बाद गुजरात को एक ओवर में 15 रन बनाने का लक्ष्य मिला जिसे उन्होंने हासिल कर लिया।

गुजरात के 11 मैचों में 8 जीत और 3 हार के बाद 16 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भी 11 मैचों में 8 जीत और 3 हार के बाद 16 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण वह दूसरे स्थान पर हैं। पंजाब किंग्स को भी एक स्थान का झटका लगा है और वह 11 मैचों में 7 जीत, 3 हार और एक नो रिजल्ट के बाद 15 अंक सहित तीसरे स्थान पर है। मुंबई 12 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक सहित चौथे स्थान पर है।

## ऑरेंज कैप

सूर्यकुमार यादव ने ऑरेंज कैप हासिल कर ली है। उनके 12 इनिंग्स में 68 के हाईएस्ट और 63.75 की औसत के साथ 510 रन हो गए हैं। हालांकि उन्हें साई सुदर्शन, शुभमन गिल, विराट कोहली और जोस बटलर से कड़ी टक्कर मिल रही है जिनके क्रमशः 509, 508, 505 और 500 रन हैं।

## पर्पल कैप

गुजरात टाइटंस के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने पर्पल कैप होल्ड किए हुए हैं। उन्होंने अपने विकेटों की संख्या में इजाफा करते हुए 11 इनिंग्स में 41/4 के बेस्ट और 7.65 की इकोनॉमी के साथ 20 विकेट्स लिए हैं।

# 115 दिन बाद जड़ा शतक, सबसे बड़ा वनडे स्कोर बनाया, 88 रन तो सिर्फ स्मृति मंधाना के साथ मिलकर मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका में चल रही ट्राई-सीरीज में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बल्लेबाजों ने साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों पर पूरी तरह से अपना दबदबा बनाए रखा. इस दबदबे की एक वजह स्मृति मंधाना की बल्लेबाजी तो रही ही, जिसने बेहतरीन आगाज दिलाने का काम किया. लेकिन, उस आगाज को सही अंजाम दिया जेमिमा रोड्रिग्ज ने, जिन्होंने ना सिर्फ मैच में शतक लगाया बल्कि अपने वनडे करियर का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया. जेमिमा ने भारतीय महिला वनडे टीम के लिए 7 साल पहले डेब्यू किया था. वो 2018 से वनडे क्रिकेट भारत के लिए खेलती आ रही हैं. लेकिन, वो अपने करियर के सारे शतक इस साल यानी साल 2025 में जड़ती दिख रही है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ 7 मई को कोलंबो में खेले मुकाबले में जेमिमा रोड्रिग्ज ने जो शतक जड़ा, वो उनके वनडे करियर का दूसरा शतक रहा और सबसे बड़ा स्कोर भी ।



# इंटर मिलान चैंपियंस लीग 2024-25 के फाइनल में बार्सिलोना को 7-6 से हराया; पहला लेग ड्रॉ रहा था, जबकि दूसरा लेग 4-3 से जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटर मिलान ने बार्सिलोना को हराकर चैंपियंस लीग 2024-25 के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। मंगलवार को खेले गए दूसरे लेग में इंटर ने बार्सिलोना को 4-3 से हराया और कुल मिलाकर 7-6 से फाइनल में प्रवेश किया। इसके पहले बार्सिलोना के मोंटजुइक ओलिंपिक स्टेडियम में खेले गए पहले लेग में इंटर और बार्सिलोना का मुकाबला ड्रॉ रहा था।

21 वें मिनट में ही इंटर ने ले ली बढ़त मैच के 21वें मिनट में ही इंटर ने गोल कर 1-0 की बढ़त ले ली। इंटर के लौटरो मार्टिनेज ने मैच के 21वें मिनट में डेनजेल डमफ्रीज के पास पर गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।



मैच के 45वें मिनट में हकन चालहानोग्लू ने - गोल कर टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम के बाद बार्सिलोना ने वापसी की और बार्सिलोना की ओर से मैच के 54वें मिनट में एरिक गार्सिया ने गेरार्ड मार्टिन के क्रॉस को गोल में तब्दील कर स्कोर 1-2 कर दिया। वहीं 60 वें मिनट में डैनी ओल्मो ने मार्टिन की एक पास को हेडर से गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा कर स्कोर 2-2 कर दिया। वहीं 87वें मिनट में बार्सिलोना की ओर से राफिन्हा ने गोल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी। ऐसा लगा कि अब बार्सिलोना का जीतना तय है,तभी इंटर के फ्रांसेस्को एसरबी ने गोल कर स्कोर 3-3 कर दिया।

डेविड फ्रेटेसी ने इंटर के लिए चौथा गोल कर टीम को जीत दिलाई वहीं 99 वें मिनट में इंटर ने फिर से बढ़त हासिल कर ली। इंटर की ओर से डेविड फ्रेटेसी ने गोल कर स्कोर को 4-3 कर दिया। इस तरह 7-6 से इंटर ने फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।



# मेट गाला में रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप



मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। एक्ट्रेस की ये गुड न्यूज जानकर उनके फैंस बेहद खुश है और सोशल मीडिया पर अब चारों ओर अब रिहाना के ही चर्चे हो रहे हैं। 37 साल की रिहाना का यह तीसरा बच्चा है।

### तीसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं रिहाना

सिंगर रिहाना ने न्यूयॉर्क में मेट गाला के रेड कार्पेट पर पुष्टि की कि वह अपने तीसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रिहाना, जिनका असली नाम रोबिन फेंटी है, ने गहरे नीले फूलों से सजी ड्रेस में अपने पेट को सहलाते हुए मुस्कुराईं। उनके साथी रैपर क्क रॉकी, जिनका असली नाम रकीम मेयर्स है, ने भी खुशी जताई और बधाई देने वालों का धन्यवाद किया। इस जोड़े के पहले से दो बेटे हैं–आर.जेड.ए. (जन्म मई 2022) और रायट (जन्म अगस्त 2023)।एक खबर के मुताबिक, रिहाना ने कहा, अब समय आ गया है कि लोगों को दिखाया जाए कि हम क्या तैयार कर रहे हैं। रॉकी ने कहा, हम बहुत खुश हैं और सबके प्यार के लिए आभारी हैं।

# भारतीय सेलेब्स को ट्रोल करने वालों को जान्हवी का करारा जवाब

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने उन नेटिजन्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जो 'मेट गाला' में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए भारतीय सेलेब्स को ट्रोल कर रहे थे। 'मेट गाला 2025' में शाहरुख खान, कियारा आडवाणी, दिलजीत दोसांझ, प्रियंका चोपड़ा और कई अन्य सेलेब्स शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद इंटरनेट पर कुछ लोगों ने इसे मेट का चांदीवेलिफिकेशन (चांदीकरण) कहा। मशहूर फैशन समीक्षक डाइट सब्या ने अपने पोस्ट में इस तरह के कमेंट पर सवाल उठाए। इस मुद्दे पर जान्हवी कपूर ने भी अपनी राय रखते हुए भारतीय सेलेब्स की उपस्थिति पर सवाल उठाने वालों की आलोचना की। जान्हवी ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यह सही समय था। हमारे आर्टिस्ट और डिजाइनर दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं, वह मेट जैसे वैश्विक मंच पर सुर्खियों के हकदार हैं। हमारे आइकन भी हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'क्या हमें इस बात पर खुश नहीं होना चाहिए कि हमें आखिरकार अपना हक मिल रहा है, बजाय इसके कि हम इस बात पर दुखी हों कि इस मंच पर अपने ही लोगों को देखकर यह थोड़ा कम महत्वाकांक्षी लग रहा है? क्या मैं कह सकती हूं कि हमारी ड्रेस सबसे शानदार थी। दशकों से हमारे आर्टिस्ट के काम को हमारे देश से निर्यात किया जाता रहा है और बिना किसी क्रेडिट के वैश्विक मंचों पर रखा जाता रहा है। दशकों से उन्होंने हमारे कपड़े, हमारी कढ़ाई, हमारे वस्त्र, हमारे आभूषण उधार लिए हैं और इसे एक ऐसी रचना के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसके वे असली मालिक हैं। मुझे खुशी है कि हमारे लोगों को आखिरकार हमारे काम और विरासत का इतना प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। कुछ भी हो मेट में हमारे कलाकारों और परिधानों को देखकर मुझे जो गर्व की अनुभूति हुई, उसने पूरे मेट को और भी जादुई बना दिया।

# करण जौहर ने सुहाना खान को लेकर किया दिलचस्प खुलासा

फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर हमेशा से ही नए टैलेंट को अपनी फिल्मों में मौका देते आए हैं, लेकिन इस बात करण अपनी फिल्म की एक्ट्रेस को लेकर नहीं बल्कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के टैलेंट की तारीफ करते नजर आए। बातों ही बातों में करण ने फिल्म किंग से एक खास बात से भी पर्दा उठा दिया। आइए जानते हैं फिल्म किंग से जुड़ा किस्सा....

### करण ने की सुहाना की तारीफ

एक खबर के मुताबिक, करण जौहर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुहाना खान की तारीफ की, जो जल्द ही फिल्म किंग से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं। करण ने राज शमनी के पॉडकास्ट में कहा कि सुहाना बहुत प्रतिभाशाली हैं और उनका अभिनय देखने लायक होगा। उन्होंने सुहाना की फिल्में देखी हैं और उनके काम से प्रभावित हैं। करण ने यह भी कहा कि उनकी तारीफ खान परिवार से रिश्ते की वजह से नहीं, बल्कि सुहाना की मेहनत और प्रतिभा के कारण है।

### फिल्म किंग को लेकर किया खुलासा

करण का मानना है कि सुहाना की असली प्रतिभा किंग में सबके सामने आएगी। फिल्म किंग का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिसमें सुहाना के साथ उनके पिता शाहरुख खान और अभिषेक बच्चन भी नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहरुख एक डॉन की भूमिका में होंगे, जो सुहाना का गुरु बनेगा। सुहाना इससे पहले नेटफ्लिक्स की फिल्म द आर्चीज में नजर आ चुकी हैं, जो एक म्यूजिकल फिल्म थी।

# छह साल बाद कोवई सरला करेंगी टॉलीवुड में वापसी, ओटीटी वेब सरीज देविका एंड डैनी में आएंगी नजर

लोकप्रिय कॉमेडियन कोवई सरला अब जल्द ही छह सालों बाद ओटीटी में लौटने के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही देविका एंड डैनी में नजर आएंगी, जिससे उनके फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ रही है। तमिल सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री कोवई सरला, जो तेलुगु फिल्मों में अपनी हास्य भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, वह अब पूरे छह सालों बाद टॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। वह जल्द ही ओटीटी वेब सीरीज देविका एंड डैनी में अपनी शानादार कॉमोडी से दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार हैं।



### देविका एंड डैनी से करेंगी वापसी

देविका एंड डैनी एक आगामी वेब सीरीज है। देविका एंड डैनी में कोवई सरला और रितु वर्मा महत्वपूर्ण भूमिकाओं में साथ नजर आएंगी। इस सीरीज में शिवा कंडुकुरी और सूर्य वशिष्ठ भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। हाल ही में इसका पहला पोस्टर जारी हुआ। कोवई सरला की कॉमेडियन ब्रह्मानंदम के साथ जोड़ी को तेलुगु दर्शकों ने खूब पसंद किया है। दोनों ने अक्सर एक जोड़े की भूमिका निभाकर दर्शकों को हंसाया है। फैंस को पूरी उम्मीद है कि कोवई सरला इस वेब सीरीज के साथ शानदार वापसी करेंगी।



## 'बिग बॉस 17' फेम अभिनेत्री, कहा-

# इस इंडस्ट्री ने मुझे सांस नहीं लेने दी

'बिग बॉस 17' से मशहूर होने वाली अभिनेत्री सोनिया बंसल अब एक्टिंग छोड़ सकती हैं। अभिनेत्री ने अब तक पांच फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री के पास काम और पैसा तो है, लेकिन वह अपने जीवन में शांति की कमी का अनुभव कर रही हैं। अभिनेत्री ने यह भी साझा किया कि वह एक लाइफ कोच बनना चाहती हैं।

### जीवन में शांति की कमी

अभिनेत्री ने हाल ही में बातचीत में साझा किया कि उनके पास सब-कुछ होने के बाद भी जीवन में शांति की कमी है। उन्होंने कहा, 'हम दूसरों के लिए सब कुछ करने में इतने व्यस्त हैं कि हम खुद को भूल जाते हैं। मुझे एहसास हुआ कि मैं अब यह भी नहीं जानती कि मेरा असली उद्देश्य क्या है। परफेक्ट बनने, प्रासंगिक बने रहने और ज्यादा कमाने की इस दौड़ में, मैंने खुद को खो दिया।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'पैसा, शोहरत, लोकप्रियता सब कुछ मेरे पास था। जो मेरे पास नहीं था वह थी शांति। और अगर आप शांति में नहीं हैं तो आप पैसे का क्या करेंगे? आपके पास बाहरी रूप से सब कुछ हो सकता है, लेकिन अगर आप अंदर से खाली हैं, तो यह बहुत ही अंधकारमय जगह है।'

### कौन हैं सोनिया बंसल?


सोनिया बंसल 'बिग बॉस 17' के घर से बेदखल होने वाली पहली प्रतियोगी थीं। साल 2019 में उन्होंने फिल्म 'नॉटी गैंग' से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद वह 'डुबकी', 'गेम सौ करोड़ का', 'शूरवीर' और 'धीरा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह 'यह बॉस' की शूटिंग कर रही हैं, जो इंडस्ट्री छोड़ने से पहले उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है।

### लाइफ कोच बनना चाहती हैं अभिनेत्री

सोनिया ने यह भी साझा किया कि वह अब एक स्पिरिचुअल हीलर और लाइफ कोच बनना चाहती हैं।अभिनेत्री ने कहा, 'मैं गहराई से अध्ययन करना चाहती हूं कि मैं वास्तव में जीवन में क्या चाहती हूं? इस इंडस्ट्री ने मुझे पहचान तो दी, लेकिन इसने मुझे शांति नहीं दी।इसने मुझे सांस लेने नहीं दिया।मैं अब और दिखावा नहीं करना चाहती।मैं अपने लिए, अपने आप में जीना चाहती हूं और एक लाइफ कोच और स्पिरिचुअल हीलर बनना चाहती हूं।' सोनिया ने आगे कहा, 'आप कभी नहीं जानते कि आपका जीवन कब बदल जाएगा? आप कभी नहीं जानते कि मौत कब दस्तक दे सकती है? और अगर हमने तब तक सच्चाई से जीवन नहीं जिया है, तो इस पूरे सफर का क्या मतलब है?'

## 5 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार गौरव चोपड़ा

# पुष्पा इम्पॉसिबल में आएंगे नजर



अभिनेता गौरव चोपड़ा पांच साल के ब्रेक के बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता सोनी सब चैनल के पुष्पा इम्पॉसिबल में एक वकील के किरदार में नजर आएंगे। शो में उनका नाम राजवीर शास्त्री है, जो तेज और दमदार वकील है। शो में राजवीर शास्त्री की एंट्री के साथ कहानी एक नया और मनोरंजक मोड़ लेगी। अपनी शानदार अदालती दलीलों के लिए प्रसिद्ध राजवीर का सफल करियर एक केस में फंसकर बर्बाद हो जाता है, जिसका असर उसकी निजी जिंदगी को भी तहस-नहस कर देता है। यही नहीं, उसकी पत्नी और बेटी के साथ भी उसका रिश्ता खराब हो जाता है। धोखे और पछतावे से ग्रस्त वह अपने दुख और गुस्से को छिपाने के लिए शराब पीने लगता है और जो उसकी आदत हो गई है। उसका विश्वास लोगों पर से खत्म हो जाता है। हालांकि, जब पुष्पा उसकी जिंदगी में आती है तो सब कुछ बदलने लगता है। पुष्पा की एनर्जी और नजरिए से उसे नया रास्ता मिलता है। शो में अपनी भूमिका के बारे में गौरव ने बताया, जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मुझे राजवीर का व्यवहार आकर्षक लगा। वह प्रतिभाशाली है, मगर अंदर से टूटा हुआ इंसान है। हालांकि, उसकी जिंदगी का सफर दर्द से भरा हुआ है। गौरव ने आगे कहा, एक अभिनेता के रूप में मैं उन भूमिकाओं के लिए जीता हूं, जो मुझे चुनौती देती हैं और नए रास्ते तलाशती हैं। राजवीर शास्त्री के किरदार में वह सब है। अभिनेता ने बताया कि शो में उनके को-एक्टर्स भी कमाल हैं। करुणा पांडे के साथ काम करने का अनुभव आपमें सकारात्मकता जोड़ता है। वह पुष्पा में शानदार तरीके से अभिनय करती हैं। उनकी एनर्जी हर सीन को बेहतरीन बनाती है। अभिनेता ने शो के लिए निर्माताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा, इस तरह की मजबूत भूमिका के लिए मैं निर्माताओं का आभारी हूं और दर्शकों के सामने आने के लिए उत्साहित हूं। 'पुष्पा इम्पॉसिबल' सोमवार से शनिवार रात 9 बजे सोनी सब चैनल पर प्रसारित होगा।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान से कहा-

# 'औकात में रहो'



पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को सलाम करते हुए गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप शेयर करते हुए कहा कि कुल चार युद्ध हुए और पाक हमसे कभी जीत नहीं सका, तो मैं कह सकता हूं कि उन्हें औकात में रहना चाहिए। इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो क्लिप शेयर करते हुए मनोज मुंतशिर ने लिखा, औकात में रहो। वहीं, वीडियो में वह कहते नजर आए, मैं एक बात सोचता हूं कि पाकिस्तान ने पूरे इतिहास में हमसे कुल चार युद्ध लड़े और चारों हमसे हार गए। तो वो जो मेडल लटकाए चलते हैं, वो क्या कैंडी क्रश गेम खेलकर जीते हैं? आटा मांगने के लिए लाइन लगाते हैं, लेकिन चाहिए उन्हें कश्मीर। पड़ोसी मुल्क पर तंज कसते हुए मुंतशिर ने उन्हें सलाह भी दे दी। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें एक मशवरा दे देता हूं कि इस दुनिया में रहने के लिए एक से बढ़कर एक जगह हैं, लेकिन अच्छा ये है कि औकात में रहो। इससे पहले मनोज मुंतशिर ने ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर शेयर करते हुए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जय हिंद, जय हिंद की सेना। देश के मुद्दों को लेकर मुखर रहने वाले मनोज मुंतशिर ने 25 अप्रैल को एक पोस्ट शेयर कर पहलगाम हमले को लेकर देशवासियों से मार्मिक अपील की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी करके उन्होंने लोगों से इस घटना को न भूलने की अपील की थी।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।